

शुक्राना गुरुजी

# चंडीगढ़ दिनभर

RNI No.: CHAHIN/2009/29886

Email: chandigarhdinbhar@gmail.com

Exclusive Venture of Journalists



चंडीगढ़ दिनभर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
99152-86304
79733-10740








# चंडीगढ़ में व्हीकल रजिस्ट्रेशन में बढ़ोतरी : इलेक्ट्रिक वाहनों का ट्रेंड बढ़ा, कारों की संख्या में तेज़ी

**राहुल तिवारी. चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** शहर में गाड़ियों का ट्रेंड ऐसे बढता जा रहा है कि अबतक के सारे रिकॉर्ड टूट गये है। हर साल सड़कों पर वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे ट्रैफिक की भीड़ और पार्किंग की समस्याएं गंभीर हो गई हैं। 2023 में चंडीगढ़ में वाहन पंजीकरण ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 52,412 नए वाहनों का पंजीकरण किया, जिसमें 2,599 इलेक्ट्रिक वाहन शामिल थे, जो कुल पंजीकरण का लगभग 5त्न है। वहीं, 2024 में 5 अगस्त तक 3,580 ईवी पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि शहर में ईवी का चलन बढ़ता जा रहा है।

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किए जा रहे हैं, जिससे ईवी पंजीकरण में लगातार वृद्धि हो रही है। 2023 के कुल पंजीकरण में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रतिशत 5 प्रतिशत था, जबकि 2024 में यह अनुपात और बढ़ने की संभावना है। 2023 में कुल 52,412 वाहन पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 2,599 ईवी थे। 2024 के शुरुआती आठ महीनों में ही 3,580 ईवी पंजीकृत हो चुके हैं, जो कि ईवी अपनाने में हो रही तेज़ी का स्पष्ट संकेत है।

**2023 में रिकॉर्ड पंजीकरण:** 2023 में चंडीगढ़ में वाहन पंजीकरण ने एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 53,220 वाहन पंजीकृत किए, जो कि शहर के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। यह आंकड़ा 2022 में दर्ज किए गए 50,906 वाहनों के पंजीकरण से भी अधिक है। पिछले दशक में औसतन हर साल 45,697 वाहन पंजीकृत किए गए थे। कोविड महामारी के दौरान (2020-2021) में वाहनों के पंजीकरण में कमी देखी गई थी, लेकिन उसके बाद से इसमें निरंतर वृद्धि हो रही है। नॉन-



ट्रांसपोर्ट वाहनों में भी वृद्धि देखने को मिली है। 2023 में 48,610 नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहन पंजीकृत हुए, जो 2022 के 47,746 की तुलना में अधिक हैं। इसके साथ ही, परिवहन वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 में केवल 1,576 परिवहन वाहन पंजीकृत थे, लेकिन 2023 में यह संख्या बढ़कर 4,610 हो गई, जो कि 192 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

### बढ़ते कार पंजीकरण ने किया दोपहिया वाहनों को पीछे

चंडीगढ़ में दोपहिया वाहनों की तुलना में कारों के पंजीकरण में तेजी से वृद्धि हो रही है, जो शहर की यातायात समस्या को और बढ़ा रही है। 2019 तक दोपहिया वाहनों की संख्या कारों से अधिक थी, लेकिन 2020 के बाद इसमें बदलाव आना शुरू हो गया। 2021 में 20,279 कारें पंजीकृत हुईं, जबकि केवल 16,435 दोपहिया वाहन पंजीकृत हुए। यह ट्रेंड 2022 और 2023 में भी जारी रहा। 2023 में कुल 21,760 दोपहिया वाहन पंजीकृत हुए, जबकि कारों की संख्या बढ़कर 26,735 हो गई। यह बदलाव शहर के घरेलू स्वामित्व पैटर्न में भी दिखाई दे रहा है। जहां दो दशक पहले औसतन हर परिवार के पास 2-4 दोपहिया वाहन होते थे, अब हर परिवार के पास 2-4 कारें होना आम हो गया है। यह बदलाव पार्किंग और सड़क की जगह पर भारी असर डाल रहा है, क्योंकि एक कार जितनी जगह घेरती है, वह लगभग पांच मोटरसाइकिलों के बराबर होती है।

### चंडीगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता चलन

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा ईवी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जा रही हैं। ईवी अपनाने की दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, विशेषकर 2024 में। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी ने ईवी की ओर लोगों का रुझान बढ़ाया है। 2023 में कुल 6,408 ईवी पंजीकृत हुए थे, जबकि 2024 में 5 अगस्त तक 3,580 ईवी पंजीकृत हो चुके हैं।

## नकली काउंसलर स्टिकर घोटाला

# काउंसलर स्टिकर की आड़ में मुफ्त पार्किंग

**भरत अग्रवाल. चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** शहर में सैकड़ें फर्जी पार्षद घूम रहे हैं। जबकि नगर निगम में 35 इलेक्टेड और 9 नॉमिनेटेड काउंसलर हैं। अब सवाल हैं कि वह सैकड़ो पार्षद कौन हैं? शहर में सैकड़ो गाड़ियों पर काउंसलर के पार्किंग पास लगे हैं। इनका कोई रिकोर्ड नगर निगम के पास नहीं हैं। क्योंकि यह नकली पार्किंग पास हैं जोकि गैरकानूनी ढ़ग से बनाए गए हैं।

बुधवार को सेक्टर 17 स्थित आरबीआई के सामने पार्किंग में जसवीर सिंह बंटी ने एक गाड़ी पर काउंसलर का स्टिकर देखा, जो नकली प्रतीत हुआ। जब उन्होंने इसकी जांच की, तो नगर निगम के संबंधित विभाग ने पुष्टि की कि वह स्टिकर असली नहीं है, और इसे उनके द्वारा जारी नहीं किया गया था। बंटी ने सबंधित विभाग अधिकारी को उस नकली काउंसलर पार्किंग पास की फोटो दिखाई तो उन्होने बताया कि देखने में तो एक जैसे है लेकिन वह नकली हैं और इसमें काउंसलर के स्पाईलिंग मिस्टेक हैं। इसके बाद बंटी के कहने पर , पार्किंग में तैनात कारिंदे ने उस गाड़ी चालक से पहचान और काउंसलर पार्किंग पास की डिटेल मांगी तो वह कर्मचारी से झगड़ने लगा और गाड़ी की तेज रफतार कर भाग निकला।

पार्षद बंटी ने कहा कि काउंसलर के नकली पार्किंग पास लगी सैकड़ो गाड़ियां शहर में घूम रही हैं। इन पर नकेल कसना बेहद जरूरी हैं। इससे पार्किंग रेवन्यू को लोस भी होता हैं। इस मामले को गंभीरता से लेना होगा और शहर में काउंसलर के पार्किंग पास लगी गाड़ियो पर नकेल कसनी होगी। बंटी ने बताया कि नकली काउंसलर पार्किंग पास की मदद से गाड़ियां पार्किंग में धड़ल्ले से खड़ी की जा रही हैं, और पार्किंग कर्मी बिना कोई फीस लिए इन्हें खड़ा करने की अनुमति दे रहे हैं। आखिरकार ये डुप्लीकेट काउंसलर स्टिकर कहां से आ रहे हैं और किसके द्वारा इन्हें प्रोवाइड किया जा रहा है। यह पता लगाना जरूरी हैं।




असली काउंसलर पार्किंग पास | नकली काउंसलर पार्किंग पास

### शहर में पार्किंग घोटाले का हुआ पर्दाफाश

शहर में पार्किंग घोटाले का पर्दाफाश हुआ है, जहां सैकड़ों गाड़ियों पर नकली काउंसलर पार्किंग पास स्टिकर लगे हुए पाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इन नकली स्टिकरों की कीमत हजारों रुपये तक बताई जा रही है, और इन्हें लगाने वाले लोग मुफ्त पार्किंग की सुविधा का गलत फायदा उठा रहे हैं। नगर निगम के नियमों के अनुसार, शहर के कुल 35 काउंसलरों को अपने वाहनों पर लगाने के लिए तीन अधिकृत स्टिकर दिए जाते हैं। इन स्टिकरों का पूरा रिकॉर्ड नगर निगम के पास सुरक्षित रहता है।

### कैसे हो रही है स्टिकरों की धांधली?

जानकारों के अनुसार, नकली काउंसलर स्टिकर का बाजार तेजी से फल-फूल रहा है। इन स्टिकरों की कीमत हजारों रुपये में बेची जा रही है और कुछ असामाजिक तत्व इस स्थिति का फायदा उठाकर पार्किंग शुल्क से बच रहे हैं। पार्किंग शुल्क से बचने के लिए लोग नकली स्टिकर लगाकर अपने वाहन आसानी से पार्क कर रहे हैं, जिससे नगर निगम को भारी राजस्व हानि हो रही है।

### नगर निगम इस धांधली पर कैसे लगाएगा अंकुश

इस गंभीर मामले के खुलासे के बाद नगर निगम के अधिकारी भी सकते में हैं। अब सवाल उठता है कि नगर निगम इस धांधली पर कैसे अंकुश लगाएगा। नकली स्टिकर लगाने वालों की पहचान कैसे होगी और क्या प्रमुख पार्किंग स्थलों पर निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया है। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक जल्द ही सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से उन गाड़ियों की पहचान करेंगे, जिन पर संदेहास्पद स्टिकर लगे हैं। नकली स्टिकर बेचने वाले गिरोहों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है।

> “ नकली काउंसलर पार्किंग पास का मामला गंभीर है। नगर निगम अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। वहीं, पंजाब सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारी एवं नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गुरिंदर सिंह सोढ़ी से इस मामले में पक्ष जानने के लिए कॉल किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।
>
> **-कुलजीत सिंह संधू, सीनियर डिप्टी मेयर, नगर निगम।**

# पति को नपुंसक कहने पर तलाक मंजूर

## हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

**विनोद राणा. चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि यदि कोई पत्नी अपने पति को ट्रांसजेंडर कहती है, तो यह मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है और इसके आधार पर तलाक को मंजूरी दी जा सकती है। महिला ने फैमिली कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया।

जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार मामले की पूरी जांच कर सही फैसला दिया है। अपने पति को ट्रांसजेंडर कहना और उसकी मां को इसके लिए दोषी ठहराना मानसिक क्रूरता के अंतर्गत आता है।

पति ने लगाए गंभीर आरोप पति ने कोर्ट में तलाक की याचिका दायर करते हुए कहा था कि उसकी पत्नी को पोर्न वीडियो देखने की आदत है और वह उसकी बीमार मां को घर की पहली मंजिल पर खाना देकर अकेले छोड़ने के लिए मजबूर करती है। इसके अलावा, वह बार-बार पति की शारीरिक क्षमता पर सवाल उठाती और अन्य व्यक्ति से शादी करने की धमकी देती थी। पत्नी ने किया आरोपों का खंडन दूसरी ओर, महिला ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसे पति ने घर से बाहर निकाल दिया और तांत्रिक क्रिया भी की गई।

कोर्ट का फैसला हरियाणा के ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए तलाक के आदेश को सही मानते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष पिछले 6 साल से अलग रह रहे हैं और अब इस रिश्ते में सुधार की कोई संभावना नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि क्रूरता मानसिक या शारीरिक, दोनों हो सकती है, लेकिन इसका कोई मापदंड तय नहीं किया जा सकता। इन्हीं तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज कर दी।









## डीएसपी गुरशेर सिंह संधू पर एक्शन की तैयारी

# एडीजीपी फारूकी ने डीजीपी से कार्रवाई के लिए पूछा

**विनोद राणा. चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** मोहाली के स्टेट क्राइम पुलिस स्टेशन में डीएसपी गुरशेर सिंह संधू के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। एडीजीपी पंजाब एमएस फारूकी ने डीएसपी संधू पर विभागीय कार्रवाई की सिफारिश करते हुए पंजाब डीजीपी गौरव यादव को पत्र लिखा है।

जल्द ही डीजीपी की तरफ से इस पर जवाब आने की उम्मीद है। इस मामले में शिकायतकर्ता बलजिंदर सिंह टहला की एडवोकेट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की गुरशरण कौर ने कहा कि जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, उनमें गिरफ्तारी अनिवार्य है क्योंकि यह नॉन-बेलेबल ऑफेंस है। वकील ने सवाल उठाया कि पुलिस इस मामले में देरी क्यों कर रही है।

**सूत्रों का दावा: संधू की टीम पर भी नजर:** सूत्रों के अनुसार, डीएसपी गुरशेर सिंह संधू के साथ तैनात पुलिसकर्मियों पर भी नजर रखी जा रही है। उनकी बैंक डिटेल्स की जांच की जा रही है। पुलिस महकमे में इस मामले ने खलबली मचा दी है क्योंकि संधू पर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगे हैं।

**खरड़ सीआईए और स्पेशल सेल की भूमिका भी संदेह के घेरे में:** डीएसपी संधू के साथ लंबे समय से काम कर रहे पुलिसकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। खासकर खरड़ सीआईए में तैनात अधिकारियों पर। इसके अलावा, स्पेशल सेल से जुड़े कई पुलिसकर्मियों को दोबारा खरड़ सीआईए में भेजे जाने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। डीजीपी गौरव यादव इस मामले पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। वहीं बताया गया कि एक अन्य मामले में खरड़ के एक बिल्डर ने भी हाईकोर्ट में गुरशेर वह अन्य के खिलाफ याचिका दायर कर रखी है। जबकि इसके अलावा गैंगस्टर लारेंस बिश्नोइ की इंटरव्यू करवाने के मामले में भी गुरशेर पर गाज गिर सकती है और इस संबंध में भी आने वाले दिनों में पंजाब पुलिस को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जवाब दायर करना है।



**वकील बोले- नॉन-बेलेबल ऑफेंस है**

इस केस में भी डीएसपी गुरशेर संदेह के दायरे में हे और इंवेस्टीगेशन में डीएसपी गुरशेर के अधीन कार्यरत एक पुलिस कर्मी भी जांच हो रही है। जिसका इंटरव्यू के दौरान सिम का प्रयोग किया गया है। अगली तारीख पर पंजाब पुलिस को हाईकोर्ट में जवाब दायर करना है कि आखिर जिन कर्मियों की मिलीभगत से कस्टडी के दौरान लारेंस की इंटरव्यू हुई,उन पर अब तक क्या एक्शन लिया गया। पिछली तारीख पर भी हाईकोर्ट ने इस पर काभी सीरियस व्यू लेते हुए पंजाब पुलिस से जवाब मांगा था। तब खुद पुलिस ने ही अगली तारीख मांगी थी,तांकि वह कोर्ट को कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट भेज सकें। अब देखना है कि क्या रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।

### डीएसपी गुरशेर सिंह संधू पर दर्ज एफआईआर

मोहाली के स्टेट क्राइम पुलिस स्टेशन में डीएसपी गुरशेर सिंह संधू के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 465, 467, 468, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 13(2) के तहत एफआईआर नंबर 33 दर्ज है। आरोप है कि डीएसपी संधू ने बलजिंदर सिंह टहला के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को डराकर उनकी संपत्तियों को सस्ते दामों पर हड़प लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि डीएसपी संधू के परिवार के खातों में लाखों रुपये की ट्रांजेक्शन हुई है, जिनमें उनकी बहन जयदीप संधू का अकाउंट भी शामिल है। इन खातों की डिटेल्स जब्त कर जांच की जा रही है।

### बलजिंदर सिंह टहला की भूमिका

बलजिंदर सिंह के जरिए डीएसपी संधू ने कई झूठी शिकायतें दर्ज करवाईं। इन शिकायतों के आधार पर लोगों को थाने बुलाकर जमीन या पैसों के बदले समझौता करवाया जाता था। बलजिंदर सिंह पर आरोप है कि उसने लोगों की जमीनों पर कब्जा करवाया और डीएसपी संधू ने इसमें उसका साथ दिया।

### हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 6 नवंबर को

डीएसपी गुरशेर सिंह संधू के खिलाफ मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में भी विचाराधीन है। बलजिंदर सिंह टहला ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर डीएसपी संधू पर जबरन वसूली के आरोप लगाए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

## एक नजर

### रायपुररानी में गौरक्षा सूत्र अभियान की शुरुआत

*30 गौवंशों के गले में बांधी रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टियां, खुलेआम सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंशों को गौ-आश्रय भेजने की अपील*




**रायपुररानी, देवेन्द्र सिंह :** रायपुररानी में गौरक्षा दल के सदस्यों ने निराश्रित गौवंशों की सुरक्षा के लिए गौरक्षा सूत्र अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क पर घूम रहे बेसहारा गौवंशों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है। अभियान के तहत 30 बेसहारा गौवंशों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टियां बांधी गई हैं, ताकि रात के समय उन्हें आसानी से देखा जा सके।जानकारी देते हुए गौरक्षक सौरव भट्ट, आज़ाद राय, रोहित सैनी, नीतीश हंगोली, दीपांशु सिंगला, रूबी, सचिन सैनी, अभिषेक शर्मा, रोहित और अंशुल ने बताया कि कई बार गौवंश अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि रेडियम पट्टियों का उपयोग कर इन दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सकता है।साथ ही स्थानीय गौरक्षकों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और जागरूकता फैलाने में मदद करें। उन्होंने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया कि सभी बेसहारा गौवंशों को गौ-आश्रय स्थलों में भेजने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। वही समाजसेवी अभिषेक शर्मा ने बताया कि रेडियम पट्टियों की विशेषता यह है कि ये प्रकाश में चमकती हैं, जिससे वाहन चालक रात में भी गौवंशों को देख सकते हैं। इस पहल से सड़क पर चलने वाले लोगों और गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### सरदानन्द राजली को पटना में 'ज्योतिबाफुले सम्मान-2024' से सम्मानित किया



**हिसार (राजेश सलूजा) :** जन लेखक संघ का अंतर्राष्ट्रीय भव्य साहित्य सम्मेलन यूथ हॉस्टल,पटना में आयोजित किया गया। इस साहित्य समारोह में पूरे भारत सहित पड़ोसी देश के कवि साहित्यकार भी शामिल रहे। साहित्य सम्मेलन में साहित्य में विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा से हिसार जिला के साहित्यकार सरदानन्द राजली को साहित्य सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देने पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'ज्योतिबाफुले सम्मान-2024' से नवाजा यह सम्मान माननीय खेम नेपाली पूर्व सांसद नेपाल व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र देकर और राष्ट्रीय महासचिव डॉ महेंद्र नारायण पंकज ने शॉल ओढ़ाकर किया। सरदानन्द राजली हिसार जिला के गांव राजली में रहते है गाँव में रहकर साहित्य सृजन और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है।कविता,कहानियां लिखते है। अनेक पत्र पत्रिकाएं में इनकी कविता,कहानियां अक्षर छपती रहती है। पिछले दिनों इनकी पुस्तक 'काठ की हांठी' प्रकाशित हुई थी।जिसको अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन नेपाल में 'अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया था। इस मौके पर भवानी पोखरेल नेपाल,खेम नेपाली, डाक्टर चंद्र भूषण रजक पूर्णिया,डाक्टर सूर्य कुमार प्रियवचन, श्रीकांत व्यास, डाक्टर सुरेश अकेला चंदेला यूपी, बलवंत सिंह मान,विनोद सिल्ला,मैडम मीना रानी, उमाकांत भारती भागलपुर, डॉ. महेश प्रसाद अहिरवार, डॉ. रामप्रवेश रजक कलकत्ता,सुमन लता सचान,शिव नारायण सिंगल नेपाल,सुनील हवाईगढ़ यूपी,नितिशा झारखंड आदि साहित्यकार शामिल रहे।

### भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल के कर्मचारियों ने जोधपुर में परचम फहराया

*कबड्डी में स्वर्ण पदक साइकिल और लांग जम्प में कांस्य पदक जीता*



**करनाल :** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के कर्मचारियों ने आई सी ए आर द्वारा आयोजित इंटर जौनल स्पोर्ट्स मीट में अपनी जीत का परचम लहराया। यह जानकारी देते हुए मीडिया संयोजक राजेंद्र शर्मा ने बताया कि जौधपुर में अरयोजित स्पार्ट्स मीट में कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा कांस्य पदक भी जीता। संस्थान की कबड्डी टीम में नरेश कुमार कप्तान थे। इस टीम में विनोद कुमार सुनील यूडीसी, रामपाल, सेनील एएओ, सुनील कुठ्ठू, अमर, अंकुर, देश राज, योगेया कुमार, रमेश रामू साहू शामिल थे। इस टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा लांग जम्प में नरेश कुमार ने कांस्य पदक और पांच हजार मीटर की साइकिल रेस में रामू साहा ने कांस्य पदक जीता। खिलाडियों का करनाल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

### खेलो इंडिया महिला रोड साइकलिंग लीग का अर्जुन अवार्ड धर्मेंद्र सिंह यादव ने किया शुभारंभ

**हिसार (राजेश सलूजा) :** गोहाना खेलो इंडिया महिला साइकलिंग लीग का आयोजन भारतीय साइकलिंग महासंघ खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ द्वारा किया जा रहा है जिसका शुभारंभ अर्जुन अवार्डी पूर्व ओलंपिक बॉक्सर धर्मेंद्र सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आज की इस प्रतियोगिता के पहले दिन सब जूनियर लड़कियों के 10 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में राजस्थान की अंजलि जाखड़ ने स्वर्ण पदक हरियाणा की कोमल ने रजत तथा हरियाणा की ही प्रमोदो ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं कर्नाटक की राजप्पा ने चौथा स्थान हासिल किया। जबकि जूनियर वर्ग की 15 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने स्वर्ण महाराष्ट्र की गजानन ने रजत हरियाणा की मनिंदर ने कांस्य तथा झारखंड की मानगरा ने चौथा स्थान हासिल किया।

# गांव समौरा के बच्चे शक्ति सिंह ने मुख्यमंत्री सैनी को सौंपा धन्यवाद पत्र

## चंडीगढ़ पहुंच कर शक्ति सिंह ने मुख्यमंत्री को भेंट किया था पैन

चंडीगढ़ दिनभर

**करनाल :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी के नेतृत्व में डी.एस.सी. समाज (वंचित अनुसूचित जाति) के लोगों ने सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर मिलकर उनका धन्यवाद किया है।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर शपथ लेने के बाद पहली कलम से वंचित अनुसूचित जातियों की मांग पूरी की है। हरियाणा की अनुसूचित जातियों में समानुपात आरक्षण का वर्गीकरण वंचित अनुसूचित जातियों के लिए जिनकी 36 उप जातियां हैं, वह लागू किया है। पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, अमरजीत सोलंकी, विधायक कपूर वाल्मीकि,



रामअवतार वाल्मीकि, डी.एस.सी. एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंद्र सिंह तेजी, दिनेश वाल्मीकि व सुभाष चंद्र, खुर्शीद आलम सहित सर्व डी.एस.सी. समाज ने सी.एम. का आभार जताया।

करनाल जिले के समौरा गांव के बच्चे शक्ति सिंह भी चंडीगढ़ में सी.एम. सैनी को धन्यवाद पत्र सौंपा। बीती 16 अगस्त को इंद्री में जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को संबोधित करने आना था। तब तेजिंद्र सिंह तेजी के नेतृत्व में प्रदेश भर से डी.एस.सी. समाज के हजारों लोग समौरा से इंद्री तक 9 किलोमीटर बारिश के दौरान पैदल चलकर रैली में पहुंचे और सी.एम. के समक्ष अपनी मांग रखी थी। शक्ति सिंह ने अपनी गुल्लक तोड़कर चांदी का पैन खरीदकर सीं.एम को भेंट कर उनकी तकदीर लिखने की अपील की थी। तब बच्चे की भावनाओं पर सीएम का मन पिंघल गया और उन्होंने वादा किया था कि इस काम को अवश्य पूरा करेंगे। वादा पूरा होने पर शक्ति सिंह ने चंडीगढ़ पहुंच सीएम का आभार जताया।

### जातिसूचक शब्द बोलने के आरोप एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बाबैन, (सोहन) :** बाबैन पुलिस ने जातिसूचक शब्द बोलने के आरोप में महुवाखेड़ी निवासी पारस की शिकायत पर गांव के ही मलकीत सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में महुवाखेड़ी निवासी पारस ने आरोप लगाया की वह अपने घर के पास गली में कंबाइन की सफाई कर रहा था। तभी वहां पर गांव का ही मलकीत सिंह आ गया और उससे मोटर साइकिल मांगने लगा। पारस द्वारा मोटरसाईकिल देने से मना करने पर मलकीत सिंह भडक गया और पारस को गालिया देने लगा। मलकीत सिंह ने पारस के साथ मारपीट करने के अलावा उसे जातिसूचक शब्द भी कहे। तैश में आया मलकीत सिंह तभी कट्टर लेकर आ गया लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस कर्मचारियों ने मलकीत सिंह से कट्टर छीन लिया। मलकीत सिंह अपने घर से दोबारा गंडासी लेकर आ गया लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस कर्मचारियों ने मलकीत सिंह को दबोच लिया और उसे थाने ले गई।

# रायपुररानी अनाज मंडी में धान उठाने में तेजी

**मंडी सचिव ने जल्द पूर्ण होने का जताया विश्वास**



चंडीगढ़ दिनभर

**रायपुररानी :** रायपुररानी अनाज मंडी में धान के उठान में मंगलवार को काफी तेजी देखी गई। दिन के अंत तक 243 गेटपास काटे गए, जिससे कुल गेटपास की संख्या 5195 तक पहुँच गई। इस दौरान 1133 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई, और मंडी में अब तक कुल 25278 मीट्रिक टन धान पहुँच चुका है। अगर खरीद की बात करें तो 1806 मीट्रिक टन धान की खरीदारी की गई, जिससे कुल खरीद का आँकड़ा 24051 मीट्रिक टन हो गया है।


मंगलवार को 637 मीट्रिक टन धान का उठान किया गया, जिससे अब तक कुल उठान 9400 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है। इस अवसर पर मंडी सचिव नवदीप सिंह ने बताया कि मंडी में धान उठान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और उम्मीद है कि जल्द ही उठान का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# समाधान शिविरों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री की रहेगी नजर : आर.के. सिंह

## नगर निगम और नगर परिषद में लगाए गए समाधान शिविर, लोगों ने शिविरों में रखी 37 समस्याएं

चंडीगढ़ दिनभर

**अम्बाला :** नगर निगम के आयुक्त आर.के. सिंह ने कहा कि अम्बाला में नगर निगम और नगर परिषद के साथ-साथ नगरपालिकाओं में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भी नजर रहेगी। इसलिए इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास करना है।




आयुक्त आर.के. सिंह मंगलवार को नगर निगम अम्बाला शहर कार्यालय में नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले नगर निगम के आयुक्त आर.के. सिंह ने समाधान शिविर में प्रोपर्टी आईडी से सम्बन्धित 33, विकास शुल्क से सम्बन्धित 2 और डोमोसाईल से सम्बन्धित 2 समस्याओं को सुना और इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविरों को गंभीरता के साथ लेंगे और शिविर में आने वाली लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनने के उपरांत उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास करेंगे। इन शिविरों में कुछ ऐसी भी समस्याएं रखी जाएंगी जिनका मौके पर समाधान संभव नहीं होगा। ऐसी समस्याओं का आगामी 24 घंटे में समाधान करने का हर भरसक प्रयास विभाग के अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अम्बाला जिले के सभी नगर निकायों में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। यह समाधान शिविर रोजाना सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक लगाए जाएंगे। इन शिविरों का अधिक से अधिक लोगों को फायदा उठाना चाहिए। जिन लोगों की समस्याएं हैं, वे अपनी समस्याएं सीधा अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार सभी नगर निकायों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन शिविरों की रिपोर्ट पर स्वयं मुख्यमंत्री संज्ञान ले रहे हैं। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी ईमानदारी और लग्न के साथ समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।

**जिला परिषद में लोगों ने रखी चार समस्याएं**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि अम्बाला के सभी बीडीपीओ और डीडीपीओ कार्यालय मे समाधान शिविरों का आयोजन किया। इन समाधान शिविरों में लोगों ने कुल 4 समस्याएं रखी और इन समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# लखमड़ी में मीर बाबा पीर की मजार पर आयोजित होने वाला मेला शुरू

**दो दिवसीय वार्षिक महिला कबड्डी प्रतियोगिता हुई शुरू**



सोहन.चंडीगढ़ दिनभर

**बाबैन :** मीर बाबा पीर की मजार लखमड़ी में आयोजित होने वाला दो दिवसीय वार्षिक मेला महिला कबड्डी प्रतियोगिता के साथ धूमधाम से शुरु हो गया। संगरूर पंजाब के एसपी नवरीत सिंह विर्क द्वारा अपने पैतृक गांव लखमड़ी में गांव के पूर्वजों की याद में आयोजित इस मेले का महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करवा कर शुरू किया गया।

महिला कबड्डी में कुल आठ टीमें भाग ले रही है जिसमें पहली प्रतियोगिता में खैरी की टीम ने मथाना की टीम को हराया। पहले दिने हजारों श्रद्धालुओं ने मीर बाबा पीर की मजार पर माथा टेक की मन्नते मांगी। इस अवसर पर शमसेर जीत सिंह विर्क, कर्नल फतेह सिंह विर्क, गुरदीप सिंह विर्क मंगोली, गगनदीप सिंह विर्क, सरपंच सतपाल सिंह, जसविंदर सिंह ढिल्लो, जितेंद्र सिंह विर्क, सुरेंद्र सिंह, शिवकुमार सैनी, बलिहार सिंह विर्क, डॉक्टर अमित गैरी विर्क, नवजीत सिंह, ताज विर्क, बलराज सिंह, डॉक्टर शाहबाज सिंह, जोधवीर सिंह विर्क, सुरजीत सिंह व शिवकुमार सैनी के अलावा अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर लोगों व खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए एसपी नवरीत सिंह विर्क ने कहा कि गांवों में मेलों में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं हमारी प्राचीन भारतीय सभ्यता व संस्कृति की प्रतीक है जो हमारे पूर्वजों की याद को भी ताजा करते है।

उन्होंने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं का गांवों के लोग खुब आनंद उठाते है और उनका खूब मनोरंजन भी होता। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों से जहां लोगों में आपसी भाई-चारा पनपता है वहीं युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। गांवों में ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी को अपनी प्राचीन संस्कृति को जीवित रखने व अपने पूर्वजों को याद रखने की भी प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में नशें जैसी बुराइयां त्यागकर खेलों के प्रति अपनी रूचि दिखाएं क्योंकि आज खेल आज रोजगार और आर्थिक विकास का बड़ा साधन बन गए है। उन्होंने कहा कि वे इस बात का प्रमाण है कि आज वे अगर एसपी के पद पर पहुंचे तो यह खेलों की ही देन है।

# ओलम्पियन नवनीत कौर होंगी उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि

चंडीगढ़ दिनभर

**सिरसा :** राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा में 23 व 24 अक्तूबर को 67वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. हरविंदर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्तूबर को खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान, भीम एवार्डी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर मुख्य अतिथि होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फॉरवर्ड खिलाड़ी नवनीत कौर लोक सभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला कुरुक्षेत्र की महिला यूथ आईकॉन भी रह चुकी हैं।

प्राचार्य डा. संदीप गोयल की अध्यक्षता व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डा. बलदेव सिंह के संयोजन में आयोजित होने वाली इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हेतु विभिन्न समितियों का गठन करते हुए सभी तैयारियां संपन्न कर ली गई हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के 24 अक्तूबर को समापन सत्र में सिरसा के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव जैन मुख्य अतिथि व राजकीय महिला महाविद्यालय, रतिया के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं प्रख्यात मनोवैज्ञानिक डा. रविंद्र पुरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। आयोजन सचिव डा. बलदेव सिंह ने कहा है कि दो दिनों में सभी स्पर्धाएं संपन्न करवाना मुमकिन नहीं होता इसलिए पुरुष वर्ग की दस किलोमीटर व पांच किलोमीटर एवं महिला वर्ग की तीन किलोमीटर दौड़ की स्पर्धाएं आयोजित कर ली गई हैं।

प्राचार्य डा. संदीप गोयल द्वारा झंडी दिखा कर शुरू की गई इन प्रतियोगिताओं के दौरान पुरुष वर्ग की दस



किलोमीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष के छात्र संदीप, बीए तृतीय वर्ष के अनिल, बीए द्वितीय वर्ष के अजय सिंह; पांच किलोमीटर दौड़ में संदीप, अनिल, बीए प्रथम वर्ष के रोहित सचदेवा व महिला वर्ग की तीन किलोमीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा आशा, बीए द्वितीय वर्ष की सरिता, बीए प्रथम वर्ष की ओम शांति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित किया है। इन प्रतियोगिताओं के आधार पर सत्र 2024-25 हेतु महाविद्यालय के पुरुष व महिला वर्ग के बैस्ट एथलीट घोषित किए जाएंगे।

### रायपुररानी में खाटू श्याम संकीर्तन 9 नवंबर को

**रायपुररानी :** रायपुररानी के एमजी हाई स्कूल के पास बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर 9 नवंबर को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य दिनेश सैनी, रिंकू प्रजापत, राकेश सैनी, और अन्य ने बताया कि 9 नवंबर को संकीर्तन के साथ भंडारे का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में बाबा श्याम के भजनों का गायन मशहूर गायक सन्नी स्वराग और गायिका बावरी खुशी करेंगे। सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्राथमिकता के साथ लाडवा हल्के में विकास करवाएंगे : खुराना

मानव गर्ग.चंडीगढ़ दिनभर

**लाडवा :** लाडवा नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने चंडीगढ़ संत कबीर कुटीर जाकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी। नपा प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि अब लाडवा विधानसभा चहूमुखी विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि जो काम लाडवा नगरपालिका के अंतर्गत पड़े हैं व पिछले काफी समय से अधूरे पड़े हैं। अब वह सभी तेजी के साथ पूरे किए जाएंगे, क्योंकि अब



लाडवा सीएम सिटी बन चुका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्राथमिकता के साथ लाडवा हल्के में विकास करवाएंगे और जो भी वायदे चुनाव से पहले उन्होंने लाडवा विधानसभा की जनता से किए थे, वह सभी पूरे किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ संत कबीर कुटिया में उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की, उन्हें जीत व हरियाणा के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी। वहीं लाडवा के विकास के बारे में चर्चा भी की। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना को आश्वासन दिया कि कुछ दिनों में ही लाडवा विधानसभा में विकास के कार्य शुरू हो जाएंगे। मौके पर पार्षद अमित खुराना व इशु काम्बोज मौजूद थे।

# महिलाओं को पारंपरिक पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने का आत्मविश्वास हैं एसएचजी

## स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनने की ओर अग्रसर मुस्लिम महिलाएं



भारत, जिसकी आबादी पुरुषों और महिलाओं के बीच लगभग समान रूप से विभाजित है, लैंगिक समानता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना जारी रखता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। कई महिलाएँ, विशेष रूप से इन क्षेत्रों में, आजीविका और निर्णय लेने के लिए अपने पुरुष समकक्षों पर निर्भर रहती हैं, जिससे वे घर और समुदाय दोनों में ही बेजुबान हो जाती हैं। जबकि एक महिला के आर्थिक योगदान और उसकी सामाजिक स्थिति के बीच का संबंध हमेशा रैखिक नहीं होता है, यह स्पष्ट है कि वित्तीय स्वतंत्रता सशक्तिकरण का एक प्रमुख चालक है। इस संदर्भ में, स्वंय सहायता समूह परिवर्तन के शक्तिशाली साधन के रूप में उभरे हैं, विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं जैसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए, जिन्हें अक्सर अल्पसंख्यक और महिला दोनों के रूप में दोहरे हाशिए का सामना करना पड़ता है। सामाजिक-धार्मिक और लिंग-आधारित बाधाओं के कारण अक्सर हाशिए पर रहने वाली मुस्लिम महिलाओं को औपचारिक वित्तीय संस्थानों और आर्थिक अवसरों तक पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सेल्फ हेल्प ग्रुप ने माइक्रोक्रेडिट, बचत और छोटे ऋणों के लिए एक मंच प्रदान करके इस अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने या उनका विस्तार करने की अनुमति मिलती है। ये उद्यम हस्तशिल्प और सिलाई से लेकर छोटे पैमाने की खेती तक फैले हुए हैं, जो महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करते हैं। आय-उत्पादक गतिविधियों में संलग्न होकर, कई मुस्लिम महिलाएँ स्वायत्तता प्राप्त करती हैं, जो न केवल उनकी घरेलू आय में बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास में भी योगदान देती हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप केवल वित्तीय अवसर ही नहीं प्रदान करते हैं, वे महिलाओं के लिए एक साथ आने, अपनी चिंताओं पर चर्चा करने और सामूहिक रूप से निर्णय लेने के लिए सुरक्षित स्थान बनाते हैं। यह समुदाय और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है, जिससे महिलाओं को सामाजिक नेटवर्क बनाने की अनुमति मिलती है जो सामाजिक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं। मुस्लिम महिलाओं के लिए, जो गतिशीलता या भागीदारी पर सांस्कृतिक या पारिवारिक प्रतिबंधों का सामना कर सकती हैं, सेल्फ हेल्प ग्रुप उनके परिवारों और व्यापक समुदाय दोनों में नेतृत्व और निर्णय लेने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। जैसे-जैसे महिलाएँ अपने सेल्फ हेल्प ग्रुप में नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाती हैं, उन्हें अपनी राय व्यक्त करने, पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देने और सार्वजनिक जीवन में शामिल होने का आत्मविश्वास मिलता है। इसके अलावा, स्वंय सहायता समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुँच प्रदान करते हैं, महिलाओं को कढ़ाई, बुनाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कौशल से लैस करते हैं, जिनका उपयोग स्थायी आय सृजन के लिए किया जा सकता है। ये कौशल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बढ़ाते हैं और उनके समग्र सशक्तिकरण में योगदान देते हैं। इसके अतिरिक्त, सेल्फ हेल्प ग्रुप अक्सर साक्षरता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और कानूनी अधिकारों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर कार्यशालाएँ आयोजित करते हैं, जिससे उन महिलाओं को महत्वपूर्ण ज्ञान सुलभ हो जाता है जो अन्यथा इन संसाधनों से वंचित हो सकती हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप का उल्लेखनीय प्रभाव शिक्षा के क्षेत्र में देखा जाता है। जैसे-जैसे मुस्लिम महिलाएँ आर्थिक रूप से अधिक स्थिर होती जाती हैं, वे अपने बच्चों की शिक्षा में निवेश करने की अधिक संभावना रखती हैं, खासकर लड़कियों के लिए। यह एक लहर जैसा प्रभाव पैदा करता है, जो अंतर-पीढ़ीगत सशक्तिकरण में योगदान देता है और अगली पीढ़ी की सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता को बढ़ावा देता है। स्वास्थ्य और कल्याण के संदर्भ में, स्वंय सहायता समूह स्वास्थ्य और स्वच्छता, परिवार नियोजन और मातृ देखभाल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे विषय जिन्हें अक्सर हाशिए के समुदायों में उपेक्षित किया जाता है। सेल्फ हेल्प ग्रुप का सबसे महत्वपूर्ण योगदान मुस्लिम महिलाओं के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देना है, जिससे वे घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और कम उम्र में विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दों को संबोधित करने में सक्षम होती हैं। एक सामूहिक सहायता प्रणाली प्रदान करके, स्वंय सहायता समूह महिलाओं को इन मुद्दों का अधिक आत्मविश्वास और लचीलेपन के साथ सामना करने के लिए सशक्त बनाते हैं। इसके अलावा, ये अक्सर अल्पसंख्यक कल्याण के उद्देश्य से सरकारी कार्यक्रमों तक पहुँचने के लिए माध्यम के रूप में काम करते हैं, जिसके बारे में कई मुस्लिम महिलाएँ अन्यथा नहीं जानती हैं या उन तक पहुँचने में सक्षम नहीं हैं। कई अध्ययनों ने मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने में सेल्फ हेल्प ग्रुप की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला है। सीमा पुरुषोत्तमन और अविनाश दास (2020) इस बात पर ज़ोर देते हैं कि ये ग्रुप न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं, बल्कि महिलाओं को पारंपरिक पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने का आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। इसी तरह, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च की 2015 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम महिलाएँ आय-उत्पादक गतिविधियों और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति के माध्यम से ये ग्रुप भागीदारी से काफी लाभान्वित होती हैं। हालाँकि, रिपोर्ट यह भी बताती है कि कुछ क्षेत्रों में सांस्कृतिक बाधाएँ एक सीमित कारक बनी हुई हैं। नैला कबीर (2011) चर्चा करती हैं कि कैसे सेल्फ हेल्प ग्रुप मुस्लिम महिलाओं को स्वायत्तता पर बातचीत करने और अपने सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हैं, भारत और बांग्लादेश में महिलाओं के अनुभवों के बीच समानताएँ खींचते हैं।

पी. पांडे और ए. झा (2012) ने पाया कि ग्रामीण बिहार में एसएचजी मुस्लिम महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक थे, जिसमें प्रतिभागियों ने आर्थिक स्वतंत्रता और घरेलू निर्णय लेने की रिपोर्ट दी। उच्च स्तर इन सफलताओं के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं। सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाएँ अभी भी कुछ क्षेत्रों में मुस्लिम महिलाओं की भागीदारी को सीमित करती हैं, विशेष रूप से अधिक रूढ़िवादी या ग्रामीण क्षेत्रों में। एसएचजी को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए, मुस्लिम महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए अधिक समावेशी और अनुरूप दृष्टिकोण की आवश्यकता है, विशेष रूप से रूढ़िवादी और ग्रामीण क्षेत्रों में। निरंतर समर्थन और विस्तार के साथ, एसएचजी लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और भारत केटठ सबसे हाशिए पर पड़े समुदायों में से एक को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**(लेखिका : रेशमा फातिमा अंतर्राष्ट्रीय संबंध, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय हैं।)**


# नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## पूरे एक साल बाद पुलिस गिरफ्त में आया कृष्ण लाल को जीरकपुर से दबोच लाई गांधीनगर पुलिस

चंडीगढ़ दिनभर

**जीरकपुर :** बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर यमुनानगर के शिवपुरी-बी निवासी बेरोजगार दंपति से लाखों रुपए ठगने के मास्टरमाइंड कृष्णलाल को थाना गांधीनगर पुलिस ने आज जीरकपुर स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। नौकरी लगवाने के नाम पर कई बेरोजगारों से करोड़ों की धोखाधड़ी कर चुके इस शातिर ठग तक पहुंचने में गांधीनगर पुलिस को आज पुरा एक साल लग गया क्योंकि बीते वर्ष एसएसपी यमुनानगर के आदेश पर 23 अक्तूबर 2023 को आज ही के दिन यह मामला दर्ज किया गया था।

आज पूरे एक साल बाद गांधीनगर पुलिस 23 अक्तूबर 2024 को इस मामले के मुख्यारोपी को दबोचने में कामयाब रही है। हालांकि पुलिस ने बीते माह 17 सितंबर को इसी मामले के अन्य आरोपियों बंटी-बबली रवि राय तथा रिंकी बाला को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी दंपति ने कोर्ट से अग्रिम जमानत भी ले ली थी। बताया जा रहा है कि नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाले इस हाईप्रोफाइल गिरोह ने यमुनानगर में एक



HARYANA POLICE CITIZEN SERVICES (हरियाणा पुलिस नागरिक सेवा)
FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. District (ज़िला): YAMUNA NAGAR P.S. (थाना): GANDHI NAGAR, YAMUNANAGAR Year (वर्ष): 2023
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0445 Date (दिनांक): 23/10/2023 18:11


2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 406 |
| 2 | IPC 1860 | 420 |
| 3 | IPC 1860 | 506 |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1 Day (दिन): Intervening Days Date from (दिनांक से): 22/02/2023 Date To (दिनांक तक): 06/07/2023
Time Period (समय अवधि): Time From (समय से): 00:00 hrs Time To (समय तक): 00:00 hrs
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 23/10/2023 Time (समय): 18:02 hrs
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 019 Time (समय): 23/10/2023 18:02 hrs

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Written

System IP (आईपी):10.194.48.12 04/09/2024 13:57:24 1/8



HARYANA POLICE CITIZEN SERVICES (हरियाणा पुलिस नागरिक सेवा)
FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत)

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):
1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): WEST, 3 Km(s) Beat No. (बीट सं.):
(b) Address (पता): शिवपुरी बी कॉंसापुर रोड,
(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):
District (State) (जिला (राज्य)):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):
(a) Name (नाम): सुशील कुमार
(b) Father's Name (पिताका नाम): प्रेम चन्द
(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष): 1988 (d) Nationality (राष्ट्रीयता): INDIA
(e) UID No. (यूआईडी सं.):
(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):
Date of Issue (जारी करने की तिथि): Place of Issue (जारी करने का स्थान):
(g) Occupation (व्यवसाय):
(h) Address (पता):

System IP (आईपी):10.194.48.12 04/09/2024 13:57:24 2/8

आलीशान हाइटेक ऑफिस भी खोला हुआ था जिसकी चाक-चौकंध देखकर युवा इनके झांसे में आ जाते थे। ठगी के शिकार युवाओं को एक-दो माह तक इसी ऑफिस में नौकरी भी दी जाती थी ताकि उन्हें विश्वास में लिया जा सके तथा वे अन्य बेरोजगारों को भी इनके पास लेकर आएं। बता दें कि शिवपुरी-बी निवासी सुशील कुमार ने 23 अक्तूबर 2023 को गांधीनगर पुलिस थाने में बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर उसके साथ रिश्तेदार दंपति द्वारा की गई 6 लाख रुपयों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था जिसका एफआईआर नंबर 445 है।

पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ धारा 420, 406 व 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी लेकिन एक साल बाद भी यह मामला सिर्फ और सिर्फ जांच में ही उलझकर रह गया। 14 माह बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक यमुनानगर के पास कई चक्कर काटने के उपरांत भी पुलिस का रवैया ढुलमल रहा जिसके कारण आरोपी दंपति अग्रिम जमानत लेने में सफल हो गया।

**पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे आरोपी, पीड़ित दंपति ने बताया जान का खतरा :** पीड़ित दंपति का आरोप है कि धोखाधड़ी के आरोपी पैसे मांगने पर उल्टा उसे धमकी दे रहे हैं कि हम तुझे कोई पैसा नहीं देंगे, तुझसे जो होता हो कर ले, तु हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यदि हमारे खिलाफ आगे कोई कार्यवाही करेगा तो तेरे को जान से खत्म कर देंगे और तेरे बच्चों को नुक्सान पहुँचा देंगे।

### जानें क्या है पूरा मामला, बेरोजगारों को कैसे बनाते थे शिकार

शिवपुरी-बी में रहने वाले सुशील कुमार ने 24 जनवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक यमुनानगर को दी शिकायत में बताया था कि यमुनानगर के त्यागी गार्डन निवासी उनके रिश्तेदार रवि राय पुत्र सुरेश कुमार तथा उसकी पत्नी रिंकी ने उन्हें बैंक में नौकरी दिलाने की बात कहते हुए उनकी मुलाकात श्याम रेजीडैन्सी, जीरकपुर निवासी किशन कुमार से करवाई। किशन कुमार ने 6 लाख रुपए में बैंक में पक्की नौकरी दिलवाने की बात कही। हमने एक लाख रुपए की राशि किशन कुमार को ऑनलाईन ट्रांजेक्शन से दे दी जबकि 50 हजार रुपए की राशि रवि राय को ऑनलाईन दी गई जबकि बाकि साढे चार लाख रुपए की राशि आरोपितों ने नकद ले ली। आरोप है कि पूरी रकम लेने के बाद आरोपितों ने फोन उठाना बंद कर दिया। यदि फोन उठा भी लेते तो धमकियां देने लगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपितों द्वारा अब तक न ही तो उन्हें कोई नौकरी लगवाई गई और न ही अब दी गई रकम लौटा रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक यमुनानगर ने पुलिस चौकी पंचतीर्थी को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। 22 फरवरी 2023 को पुलिस द्वारा सभी आरोपितों को पंचतीर्थी पुलिस चौकी में बुलाया गया। यहां आरोपियों ने जांच अधिकारियों के समक्ष माना कि उन्होंने पीड़ित दंपति से बैंक मे नौकरी लगाने के नाम 6 लाख रुपये की राशि ली है। उन्होंने पीड़ितों को 4 लाख रुपये वापिस लौटाने के लिए समझौता भी कर लिया जिसमें किशन कुमार ने 23 मई 2023 तक 4 लाख रुपए की राशि दिए जाने की एवज में एचडीएफसी बैंक के दो-दो लाख रुपए के दो चैक नम्बर 000042 वा 000043 प्रार्थी को दिये लेकिन बैंक में चैक लगाने पर कोई राशी प्राप्त नहीं हुई। दोनों ही चैक बाऊन्स हो गये। तत्पश्चात 23 अक्तूबर 2023 को एसएसपी यमुनानगर के आदेश पर थाना गांधीनगर में आरोपियों के खिलाफ धारा 420,406,506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था जिसका एफआईआर नंबर 445/2023 है।

# पंजाब के कृषि मंत्री ने धान की पराली को खेतों में मिलाने का दिया संदेश



**मोहाली :** कृषि मंत्री पंजाब ने धान की पराली को खेतों में मिलाने का दिया संदेश. मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. गुरमेल सिंह ने कृषि मंत्री पंजाब स.गुरमीत सिंह खुड़िया की उपस्थिति में जिले के किसानों को धान की पराली को खेतों में पचाने के लिए पूसा बायो डीकंपोजर का वितरण शुरू किया। ये डीकंपोजर कृषि विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इसका प्रयोग करना चाहिए, इससे धान की पराली बहुत जल्दी पचकर खाद बन जाती है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। कृषि विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ शुभकरन सिंह, जसप्रीत सिंह, अजय शर्मा ने विधि के बारे में बताया कि इस 750 ग्राम के पैकेट को 200 लीटर पानी में मिलाकर एक बाल्टी में छिड़काव करना चाहिए और फिर पराली को रोटावेटर या मशीन से खेत में मिला देना चाहिए। डिस्क हैरो से हल्की सिंचाई करनी चाहिए। अगली फसल 15-20 दिन बाद बोई जा सकती है। विभाग ने गांवों में उपलब्ध इन-सीटू और एक्स-सीटू मशीनों की सूची सहकारी समितियों और सार्वजनिक स्थानों पर लगा दी है, जिससे जरूरतमंद किसानों को उपयोग के लिए मशीनें प्राप्त करना आसान हो जाएगा। इस समय करनवीर सिंह फील्ड वर्कर, जसवीर सिंह गांव मजाटारी की सरपंच हरप्रीत कौर पत्नी, किसान जवाला सिंह, राजिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

# यह पहल विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास में सहायक सिद्ध होगी : कुलदीप सिंह धालीवाल

## एस.ए.एस नगर के स्कूल ऑफ एमिनेंस 3बी-1 में माता-पिता और शिक्षक की मिलनी में हिस्सा लिया

चंडीगढ़ दिनभर

**मोहाली :** पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए माता-पिता और शिक्षक की मिलनी एक सकारात्मक कदम है, और यह पहल विद्यार्थियों को समय की मांग के अनुरूप ढालने और उनके बहुआयामी विकास में सहायक सिद्ध होगी। यह बात पंजाब के कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज एस.ए.एस नगर (मोहाली) के स्कूल ऑफ एमिनेंस 3बी-1 में आयोजित तीसरी मेगा माता-पिता और शिक्षक की मिलनी में शिरकत करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के माता-पिता के साथ सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करना है। साथ ही, माता-पिता, विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल



बनाना और स्थानीय समुदाय, सरकारी प्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों आदि के साथ स्कूलों के बहुआयामी विकास में योगदान सुनिश्चित करना है।

स.धालीवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब के शिक्षा प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मेगा पी.टी.एम (शिक्षक-माता-पिता की बैठक) इसी श्रृंखला का एक हिस्सा है, क्योंकि इस मौके पर माता-पिता को शिक्षा प्रणाली को समझने और सुझाव देने का विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान माता-पिता को अपने बच्चों की मौजूदा प्रगति के बारे में जानने और शिक्षकों के सुझावों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिला। स.धालीवाल ने कहा कि विद्यार्थियों और माता-पिता द्वारा पंजाब सरकार के प्रयासों को शानदार समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्री-प्राइमरी से लेकर बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के माता-पिता की 100 प्रतिशत भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर स्कूलों के बहुआयामी विकास में योगदान देने के इच्छुक माता-पिता और पूर्व विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया गया है।

इस माता-पिता और शिक्षक की बैठक में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के माता-पिता के साथ उनकी शैक्षणिक प्रगति साझा करने के साथ-साथ उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर भी चर्चा की गई। आगामी घरेलू और वार्षिक परीक्षाओं के लिए घर और स्कूल में बेहतर माहौल बनाने और समन्वय पर भी बातचीत की गई। इसके अलावा, विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी, पेंटिंग आदि का निरीक्षण भी किया गया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. गिन्नी दुग्गल, स्कूल प्रिंसिपल स.सलिंदर सिंह और समस्त स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके माता-पिता उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय कालका में 'बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

## बी ए द्वितीय की कोमल प्रथम व बी ए द्वितीय की प्रीटिजिता द्वितीय स्थान पर रही



टीएस गुजराल.चंडीगढ़ दिनभर

**कालका :** अरुणा असफ अली राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालका में मंगलवार को बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मालिक के दिशा निर्देश के साथ आरम्भ हुआ. इस प्रतियोगिता को महाविद्यालय के ईको क्लब तथा ब्यूटीफिकेशन समिति द्वारा वातावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए करवाया गया।

'बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट' प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपशिष्ट पदार्थों से कूड़ेदान बनाये ताकि इनका उपयोग महाविद्यालय परिसर में किया जा सके। इस प्रतियोगिता में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा अपनी सृजनशीलता का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों ने बहुत सुंदर तथा प्रयोग करने योग्य कूड़ेदान बनाये . जिन्हे देख कर प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने भाग ले रहे सभी विद्यार्थियों की खूब सराहना की और वहाँ उपस्थित सभी विद्यार्थियों को वातावरण को बचाये रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि यदि हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ और सुंदर दिखेगा तभी हमारे व्यक्तित्व की एक अच्छी पहचान होगी।

जो हमारे लिए बड़े हर्ष की बात होगी। साथ ही उन्होंने 'रीडूस , रीसायकल तथा रीयूज़' का सन्देश दिया। इस प्रतियोगिता में बी ए द्वितीय वर्ष की कोमल प्रथम स्थान पर रहीं, बी ए द्वितीय की प्रीटिजिता द्वितीय स्थान पर तथा बी इस सी द्वितीय की मनप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रहीं। प्रस्तुत कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय ईको क्लब की संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु रानी तथा सदस्य प्रोफेसर डॉ नीरू शर्मा, प्रोफेसर सुमन, प्रोफेसर सोनू कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर सरिता, प्रोफेसर ईना, प्रोफेसर डॉक्टर नवनीत नैंसी, असिस्टेंट प्रोफेसर सविता , प्रोफेसर डॉक्टर चेतना तथा प्रोफेसर डॉक्टर रमाकांत को मिला । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु ने एहम भूमिका निभाई।

# पंजाब विवि में फीस वृद्धि के खिलाफ एबीवीपी ने अनिश्चितकालीन विरोध और भूख हड़ताल शुरू की

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से सरे आम खिलवाड़!

हिमांशु शर्मा .चंडीगढ़ दिनभर

**चंडीगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हाल ही में कई श्रेणियों में की गई फीस वृद्धि के विरोध में चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन विरोध और भूख हड़ताल शुरू किया है। विरोध का उद्देश्य ट्यूशन फीस, मेस शुल्क, कोर्सवर्क फीस और परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि को वापस लेना है, जिससे छात्रों पर बोझ बढ़ गया है।





एबीवीपी ने इन बढ़ोतरी से छात्रों पर पड़ने वाले वित्तीय दबाव के बारे में गंभीर चिंता जताई है, जिनमें से कई समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आते हैं। विश्वविद्यालय अधिकारियों को कई बार ज्ञाप देने के बावजूद, यह मुद्दा अनसुलझा है। इस मामले पर बोलते हुए, पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल (पीयूसीएससी) के संयुक्त सचिव जसविंदर राणा ने कहा 'फीस वृद्धि न केवल अनुचित है, बल्कि उन छात्रों के लिए असहनीय है जो पहले से ही बढ़ती जीवन-यापन की लागत से जूझ रहे हैं। हम छात्रों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हम इन बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं।

एबीवीप पंजाब विश्वविद्यालय इकाई मंत्री ध्रुविका सेहरावत ने कहा 'प्रशासन ने इस मुद्दे को हल करने के हमारे बार-बार अनुरोधों को अनदेखा कर दिया है। मेस दरों, कोर्स वर्क फीस और परीक्षा शुल्क में वृद्धि अनुचित है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विश्वविद्यालय इन बढ़ोतरी पर पुनर्विचार नहीं करता और छात्र समुदाय को राहत नहीं देता। एबीवीपी इस शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ विरोध में छात्रों के साथ एकजुट है।

एबीवीपी ने अपनी मांगें पूरी होने तक विरोध जारी रखने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पंजाब विश्वविद्यालय में शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने वाले समाधान तक पहुंचने के लिए सार्थक बातचीत करने का आग्रह किया है।

# खुलेआम बिक रहा मीट, मछली और चिकन ! सेहत विभाग और प्रशासन सोया कुंभ कर्ण की नींद !

## *हाइलैंड मार्ग प्रभात रोड पर बने छोटे बूथों के बाहर ही दुकानदार सड़क पर ठिया लगाकर बेच रहे खुलेआम चिकन, मटन ओर मछली का मीट आम जनता इस बात को लेकर परेशान! यह सारे लोग खुले में ही मीट मछली और मुर्गा करते हैं और वेस्ट मटेरियल सारा सड़क पर ही फेंक देते हैं।*

राहुल/हरजीत सिंह.चंडीगढ़ दिनभर

**जीरकपुर :** पभात रोड हाइलैंड मार्ग पर लोगों को बीमारियों का खतरा! पभात रोड हाईलैंड मार्ग एंट्री करते ही कुछ मीट बेचने वाले दुकानदारों की दुकानें हैं! जबकि मीट बेचने का नियम यह है की आप मीट को दुकान के अंदर काट कर ग्राहक को देंगे! और भी बहुत कुछ नियम है परंतु यहां के दुकानदारों ने हर नियम को ताक पर रखकर मीट का कारोबार दुकान के अंदर ना करके दुकान के बाहर रोड पर ठिया लगाकर अपना मीट बेच रहे हैं। जिससे जो लोग मांस का सेवन नहीं करते हैं उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।









जैसे की नवरात्रों के दौरान जब माता के व्रत का दौर चलता है। इसके अलावा हिंदू धर्म के काफी लोग हैं जो सोमवार और मंगलवार को बहुत सख्त परहेज रखते हैं और इन सब चीजों को आंखों के सामने तक ना आजाएं इसलिए उस सड़क पर जाने से भी कतराते हैं। परंतु इन दुकानदारों को किसी भी धार्मिक आस्था में ना ही कोई दिलचस्पी है और ना ही कोई मतलब। इनको तो बस अपना मीट बेचने से मतलब है वह भी नियमों के विपरीत।

चंडीगढ़ दिनभर समाचार के रिपोर्टर हरजीत सिंह एवं सुनील दत्त ने जब वहां पर कुछ लोगों से इस बात पर सवाल किए तो उन लोगों का गुस्सा और दुकानदारों के खिलाफ आक्रोश देखने वाला था। इन दुकानदारों के आसपास जो शुद्ध शाकाहारी लोग दुकान खोल कर बैठे हैं उन्होंने भी काफी आपत्ति जताई। क्योंकि इन दुकानदारों से अगर कोई सवाल जवाब करता है तो इनका उल्टा ही जवाब होता है। हमारी दुकान हमारी जगह हम चाहे कुछ भी करें कोई कौन होता है हमें फालतू बोलने वाला। एक तरफ म्युनिसिपल कमिटी जीरकपुर में छोटी-छोटी मार्केट से जो ठेले या काउंटर दुकान के बाहर लगे हुए हैं उन सब को हटाने का अतिक्रमण चल रही है। विप रोड पर अवैध रूप से चल लगे सड़क पर छोटे छोटे काउंटर और दुकानों के बाहर लगे हुए काउंटर का चालान काट काट कर चालान बुक भरी हुई है पर इस मार्ग पर किसी भी म्यूनिसिपल कमेटी केअधिकारी का कोई ध्यान नहीं है।

वहीं आखिर क्यों म्यूनिसिपल कमेटी का ध्यान इन दुकानदारों पर नहीं जाता जो की दुकान तो खोल कर बैठे हैं पर काम उन लोगों ने सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर चला रखा है। कुछ दुकानदारों ने तो यह बताया की इन दुकानों के मीट का व्यापार बाहर चलने की वजह से हमारे पास ग्राहक नहीं आ पाता है। वह आंख मींचकर या नाक भींच कर आगे चले जाते है। इन सब बातों से दुकानदार काफी परेशान दिखाई दिए।

चंडीगढ़ दिन भर की टीम का म्यूनिसिपल कमेटी से यही कहना है कि जब आपको सब जगह पर अवैध रूप से ठेले या दुकान के बाहर लगे काउंटर दिखाई देते हैं तो मीट की दुकानों के समय पर आखिर क्यों जीरकपुर कमेटी के कर्मचारियों की आंखें बंद हो जाती है। आखिर क्यों इन लोगों के खिलाफ चालान नहीं काटे जाते या इनका सामान क्यों नहीं जप्त किया जाता आखिर क्यों इन लोगों को खुली छूट दे कर रखी है कि अपना काम अवैध रूप से करो कोई फर्क नहीं पड़ता जीरकपुर म्यूनिसिपल कमेटी को। दिनभर समाचार की टीम क्या है मान ले कि इन दुकानों की दुकानदारी में क्या जीरकपुर म्युनिसिपल कमिटी की भी मिली भगत है।

# सीआरएम योजना के तहत धान को उचित प्रबंधन के तहत उपायुक्त सहित संबंधित विभागों की हुई बैठक

राहुल गोयल. चंडीगढ़ दिनभर

**मोहाली :** उपायुक्त आशिका जैन के निर्देशन में अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) विराजश्याम करण तिडके द्वारा जिले में वर्ष 2024-25 के दौरान सी.आर. एम. योजना के तहत धान की पराली को बिना आग लगाए उचित प्रबंधन करने के लिए संबंधित विभागों के साथ बैठक की गई।

उन्होंने उपस्थित कृषि, सहकारिता एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अनुदान पर उपलब्ध करायी जा रही मशीनरी का अधिकतम



उपयोग सुनिश्चित करें तथा जरूरतमंद किसानों को नोडल अधिकारियों के माध्यम से मशीनरी उपलब्ध करायें ताकि पराली में आग लगने की घटना न हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि 2018 से अब तक आपूर्ति की गई 1328 मशीनों की सूची संबंधित गांवों में सहकारी समितियों, पंचायत घरों, ग्राम सभाओं और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आदेश दिया कि आलू, मटर और अन्य सब्जियों की खेती करने वाले गांवों की पहचान की जाए ताकि जिले में पुलिस, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था और आईईसी गतिविधियों को समय पर लागू किया जा सके और ऐसे खेतों से भूसे की गांठें बनाने का सुझाव दिया जा सके मौजूदा बेलर्स के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर। इस बैठक के दौरान सहायक कमिश्नर (सामान्य) अंकिता कंसल, कृषि विभाग के उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां गुरबीर सिंह ढिल्लों, मुख्य कृषि अधिकारी गुरमेल सिंह और कृषि अधिकारी गुरदयाल कुमार सहित अन्य विभाग मौजूद थे।

मुद्रक, प्रकाशक विपिन कुमार गर्ग और संपादक संजीव महाजन* द्वारा यूनिस्टार बुक्स प्रा. लिमिटेड, प्लॉट नंबर 301, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-9, मोहाली से मुद्रित, कार्यालय एससीओ-175, सेक्टर 39 डी चंडीगढ़ से प्रकाशित। (आरएनआई नं.- CHAHIN/2009/29886, चंडीगढ़), दूरभाष: 0172-5084320, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

# '... निजी बस संचालक सरकार के पैरलर चला रहे अवैध बस स्टैंड, प्रशासन को लाखों की चपत

## आईएसबीटी-17 के सामने सेक्टर-22 में खोल दफ्तर व आईएसबीटी-43 के पास कजहेडी मोहाली से चल रही निजी बसें







**हिमांशु शर्मा .चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़:** शहर में निजी बसों की गतिविधियां बढ़ती जा रही है लेकिन स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी हाथ पैर हाथ धरे बैठा है। उनकी नाकामी की वजह से चंडीगढ़ प्रशासन को रोजाना लाखों के राजरुव का नुकसान तो हो ही रहा है बल्कि यह निजी बस कंपनियां अब सरकारी बस स्टैंड के पास अब अपना समांनातर बस स्टैंड चल रहे हैं। यहां से रोजाना हजारों यात्रियों से मनमानी किराया वसूल कर दिल्ली,यूपी बिहार समेत कई राज्यों में पहुंच रहे।

एक समय था जब शहर में चालान और जब्त होने के दर से कोई भी निजी बस दाखिल नहीं होती थी क्योंकि प्रशासन ने शहर के अंदर इन बसों के संचालक पर रोक लगाई हुई है। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। अफसरों की लापरवाही और मिली भगत की वजह से अब निजी बस संचालक न सिर्फ शहर के अंदर बेस पंजाब, हरियाणा, यूपी-बिहार के लिए लेकर जा रहे हैं, बल्कि कई जगह दफ्तर खोल कर बैठे हैं और प्रशासन की जमीनों को बस स्टैंड बना लिया है। सेक्टर-44, 45 धनास फैदां कजहेडी विकास नगर समेत कई इलाकों में निजी बसें खड़ी रहती हैं। और सवारियों को ढो रही हैं, लेकिन प्रशासन के अफसर ने आंखें मूंद रखी हैं। स्थिति इस कदर खराब हो चुकी है कि सेक्टर 45 के रेडी मार्केट के पास हर समय कई निजी बसें खड़ी रहती हैं और वो सीटीयू, हरियाणा रोडवेज आदि की तरह चंडीगढ़ से हरदोई, लखनऊ के लिए बसें चला रहे हैं।

### निजी बसों से ये है प्रशासन और जनता को नुकसान

इन बसों के पास टूरिस्ट परमिट लेकिन राज्य सरकार की बसों की तरह स्टेज कैरिज परमिट की दर्ज पर बच्चों को सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करके यह भारी टैक्स की चोरी करते हैं जिससे प्रशासन को राजरुव का नुकसान हो रहा है। किराया पर प्रशासन का कोई कंट्रोल नहीं वह मनमर्जी के होते हैं। यह बच्चे स्टैंडर्ड के अनुसार नहीं होती। इसमें सुरक्षा के पूरे उपकरण नहीं होते। सीजन के सम एक सीट पर दो-दो लोगों को बिठाने पर मजबूर किया जाता है। कई बार लोगों को जिस जगह पहुंचाने का वादा किया जाता है। वहां ना ले जाकर रास्ते में उतार दिया जाता है।

"अगर ऐसा कुछ सब चल रहा है। जल्द ही हम इनके ऊपर कार्रवाई करेंगे।
–सौरभ विनायक, एसटीए अधिकारी।

## क्राइम न्यूज

### भीख मांगने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**चंडीगढ़ :** पुलिस ने जगन पासवान, निवासी नाडा रोड, नयागांव, मोहाली (उम्र 36 वर्ष) को सेक्टर 17 स्थित एससीओ नंबर 47 के पास भीख मांगते हुए गिरफ्तार किया है। यह घटना 22 अक्टूबर 2024 की है, जब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगन को पकड़ा। सेक्टर 17 पुलिस स्टेशन में हरियाणा भिखारी अधिनियम 1971 की धारा 03 के तहत एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, बाद में आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

**दूसरा :** मौली जागरा पुलिस ने राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के ग्राम श्यामोटा, नीदरदा के रहने वाले 48 वर्षीय सोननारायण को भीख मांगते हुए गिरफ्तार किया है। यह घटना 22 अक्टूबर 2024 की है, जब सोननारायण को हल्लोमाजरा लाइट पॉइंट पर भीख मांगते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने हरियाणा भिखारी अधिनियम 1971 की धारा 03 के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया।

**तीसरा :** आईटी पार्क पुलिस ने 45 वर्षीय पन्ना लाल, निवासी शिव मंदिर मनीमाजरा, चंडीगढ़ को भीख मांगते हुए गिरफ्तार किया है। यह घटना 22 अक्टूबर 2024 की है, जब पन्ना लाल को शास्त्री नगर लाइट पॉइंट पर भीख मांगते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने हरियाणा भिखारी अधिनियम 1971 की धारा 03 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**चौथा :** मनीमाजरा पुलिस ने राजस्थान के जयपुर जिले के रेनवाल, सतीयों की ढाणी, तहसील चंदवास चित्तौरा के रहने वाले 49 वर्षीय केशरा को भीख मांगते हुए गिरफ्तार किया है। यह घटना 22 अक्टूबर 2024 की है, जब केशरा हाउसिंग बोर्ड लाइट पॉइंट से 15 गज की दूरी पर भीख मांग रहा था। पुलिस ने हरियाणा भिखारी अधिनियम 1971 की धारा 03 के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की जांच मनीमाजरा पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है।

### आत्महत्या की धमकी देने वाली महिला पर मामला दर्ज

**चंडीगढ़ :** सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन में एसआई सुनील कुमार के बयान पर एक महिला के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने धारा 132, 121(1), 226 और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। यह घटना तब हुई, जब पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि सेक्टर 38 स्थित मकान नंबर 679/1 में कोई व्यक्ति हथियार लेकर घुसा है और अपराध करने की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां छापेमारी की, लेकिन मौके पर मौजूद महिला ने पुलिस अधिकारियों को धमकी दी कि यदि उन्होंने कार्रवाई की तो वह आत्महत्या कर लेगी। पुलिस ने महिला के इस व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल स्नैचिंग, तीन अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

चंडीगढ़ : सेक्टर 26 पुलिस ने मोहम्मद हुजैफा, निवासी मकान नंबर 194, फेज-2, बीडीसी सेक्टर 26, चंडीगढ़ की शिकायत पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना 21 अक्टूबर 2024 की है, जब मोहम्मद हुजैफा का मोबाइल फोन सुखना लाइट पॉइंट से टीपीटी लाइट पॉइंट के बीच छीना गया। शिकायत के अनुसार, तीन अज्ञात लोग पैदल चल रहे थे और अचानक उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। हुजैफा ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद सेक्टर 26 पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### साइकिल सवार को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस दर्ज

**चंडीगढ़ :** सेक्टर 63 में एक साइकिल सवार को टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने एक्सयूवी 500 कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता विशाल तुली, निवासी मकान नंबर 2197/सी, सेक्टर 63, चंडीगढ़ ने सेक्टर 49 पुलिस स्टेशन में धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत शिकायत दर्ज करवाई है। यह घटना 20 अक्टूबर 2024 की है, जब कार नंबर पीबी 11-सीजे-1008 के ड्राइवर, विशाल अत्री, निवासी मकान नंबर 2004, ब्लॉक नंबर 17, सेक्टर 63, चंडीगढ़, ने शिकायतकर्ता के बेटे की साइकिल को उनके घर के पास टक्कर मारी।

# सरस मेला : 'जुगनी कट्टाडी चरखा' गाकर लखविंदर वडाली ने पंजाबी विरासत को लोगों के सामने लाया

### अपील : कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा बनाये गये सामानों को खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित करें







**राहुल .चंडीगढ़ दिनभर**

**मोहाली :** जिस तरह से सरस मेला आगे बढ़ रहा है, मेलों में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है और शाम होते-होते साहिबजादा अजीत सिंह नगर, रोपड़, पटियाला, फतेहगढ़ साहिब आदि जिलों से कला प्रेमी और मेला प्रेमी महिला-पुरुष आने लगे हैं। डिप्टी कमिश्नर मोहाली आशिका जैन और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर-कम मेला अधिकारी सोनम चौधरी ने मेलों के उत्साह को देखते हुए मेलों में आने वाले दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने के लिए पंजाब की समृद्ध विरासत के सितारों को लोक गीतों के रूप में प्रस्तुत किया है। इससे मंत्रोच्चारण किया जाता है। साथ ही आमिर पंजाबी संस्कृति (उभरते पंजाब की गायकी) को बचाए रखने की भी कोशिश कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मेले के चौथे दिन पंजाब के सिरमौर गायक परिवार के वारिस लखविंदर वडाली ने अपनी दमदार गायकी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया और उनकी गायकी मेले की रौनक बन गई. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देखरेख प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने बताया कि लखविंदर वडाली ने अपने लोकप्रिय गाने 'मैं ते घियो दी मीठी छुरी, लोके बदनाम करती', 'जुगनी कट्टड़ी चरखा, ना लिंटा सैन दा', माहिया, तू माने या ना माने दिलदारा गाकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। निष्पक्ष. इसे शीर्ष पर पहुंचाया।

डिप्टी कमिश्नर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर, आशिका जैन और डी. सी. रूपनगर हिमांशु जैन अपने परिवार के सदस्य ए के साथ। के. जैन और मीनाक्षी जैन के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे। इस अवसर पर सतनाम जलालपुर, चेयरमैन जिला योजना बोर्ड, शहीद भगत सिंह नगर और स. जशनदीप सिंह गिल एसपी स्टेट साइबर क्राइम भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। उपायुक्त ने जिला और ट्राइसिटी वासियों से संगीतमय शामों का आनंद लेने और कारीगरों द्वारा बनाई गई दुर्लभ वस्तुओं को खरीदने और बेचने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न राज्यों के कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा बनाये गये सामानों को खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। सहायक मेला अधिकारी-कम जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजिंदर सिंह ग्रेवाल भी कार्यक्रमों की बखूबी देखरेख कर रहे हैं।

# नशे की लत के लिए चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 15 मोबाइल और बाइक बरामद




**अजीत झा .चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़:** डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 15 चोरी किए गए मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गई है। इस गिरफ्तारी से शहर में बढ़ रही मोबाइल चोरी की वारदातों पर रोक लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**शिकायत से लेकर गिरफ्तारी तक : पुलिस की तेज़ कार्रवाई :** मोहाली निवासी विजय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की थी। शिकायत के अनुसार, 14 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे विजय कुमार अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से सेक्टर-43, कोर्ट जा रहे थे। जब वह सारंगपुर के नामधारी मार्बल बस स्टॉप के पास पहुंचे, तो दो अज्ञात युवक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की बाइक पर आए और उनकी स्कूटी की ट्रे से उनका वीवो मोबाइल फोन चुरा लिया। पुलिस ने तुरंत मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और 21 अक्टूबर को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अजय कुमार उर्फ गग्गी (उम्र 20 वर्ष), निवासी टीरा, मुल्लांपुर, मोहाली को सेक्टर-37 स्थित बत्रा सिनेमा की पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया।

**बरामदगी : चोरी की श्रृंखला का खुलासा :** गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। अजय कुमार ने कबूल किया कि उसने चंडीगढ़, ओमैक्स सिटी, खरड़, न्यू चंडीगढ़, और मुल्लांपुर जैसे कई स्थानों से मोबाइल फोन और बाइक की चोरी की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 15 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की, जिनकी चोरी विभिन्न स्थानों से की गई थी।

### नशे की लत बनी चोरी का कारण

पुलिस जांच में सामने आया कि अजय कुमार उर्फ गग्गी हेरोइन का नशा करता है। अपनी नशे की आदत को पूरा करने के लिए वह चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। उसकी यह गतिविधियां चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बढ़ती जा रही थीं। पुलिस की इस कार्रवाई और अपराधियों की धरपकड़ से शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण होने की उम्मीद है। इस मामले को लेकर शहरवासियों ने चंडीगढ़ पुलिस की सराहना की है और पुलिस अधिकारियों को इस कामयाबी के लिए बधाई दी जा रही है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी के और भी साथी हैं, जो चोरी की इन वारदातों में शामिल हो सकते हैं। इस गिरफ्तारी से पुलिस को उम्मीद है कि चोरी के कई और मामलों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

### रायपुररानी अनाज मंडी में धान की खरीद प्रभावित

**रायपुररानी :** रायपुररानी अनाज मंडी में बुधवार को धान की खरीद नहीं हो सकी। इस अवसर पर मंडी सचिव नवदीप सिंह ने बताया कि मिलर्स द्वारा शुरू की गई हड़ताल के कारण खरीद में रुकावट आई है। बता दें कि शाम 5 बजे तक 252 गेटपास काटे गए, जिससे कुल गेटपास की संख्या 5447 हो गई।

# चंडीगढ़ सचिवालय के सामने यूटी कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

## दिवाली से पहले वेतन और बोनस की मांग



**पुनीत महाजन .चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़:** आज कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एंप्लाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ के बैनर तले सैकड़ों यूटी कर्मचारियों ने चंडीगढ़ सचिवालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हाथों में बैनर लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दिवाली से पहले आउटसोर्स्ड वर्करों को बकाया वेतन और बोनस का भुगतान करने की मांग की। इस बीच, प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि दिवाली से पहले सभी कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने बाकी मांगों के समाधान के लिए जल्द उच्च स्तरीय बैठक बुलाने का वादा किया।

रैली को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेशन कमेटी के प्रधान सतिंदर सिंह, चेयरमैन सुरेश कुमार, महासचिव राकेश कुमार, चीफ पैट्रन अनिल कुमार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजिंदर कुमार और अन्य नेताओं ने प्रशासन की मजदूर और कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर ध्यान न देने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन जब तक सार्थक समाधान के लिए कदम नहीं उठाएगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि दिवाली से पहले बकाया वेतन और बोनस का भुगतान किया जाए, आउटसोर्स्ड वर्करों को समान काम के लिए समान वेतन मिले, और उनके लिए सुरक्षित नीति बनाई जाए। निकाले गए वर्करों को वापस काम पर लिया जाए और डीसी रेट्स में विसंगतियों को दूर किया जाए।

नेताओं ने यह भी मांग की कि रिटायर कर्मचारियों को उनके पेंशनरी लाभ जल्द दिए जाएं, दैनिक वेतनभोगियों को नियमित किया जाए और उन्हें छठे वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान अन्य मांगें भी उठाई गईं, जैसे खाली पदों को जल्द भरा जाए और 2004 के बाद भर्ती हुए नियमित कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। प्रदर्शनकारियों को विभिन्न यूनियनों के नेताओं ने संबोधित किया और चंडीगढ़ प्रशासन की कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीनता की आलोचना की। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की अपील की और आगे के संघर्ष की रणनीति भी तय की। 28 और 29 अक्टूबर को नगर निगम कार्यालय के सामने और 30 अक्टूबर को यूटी चीफ इंजीनियर कार्यालय के सामने प्रदर्शन की घोषणा की गई।

# पंजाब विवि केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारियों के लिए आयोजित किया सत्र





**चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारियों और छात्र प्लेसमेंट समन्वयकों के लिए एक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में 50 से अधिक अधिकारी और छात्र समन्वयक शामिल हुए। सत्र का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास और विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट प्रक्रिया को बेहतर बनाना था।

मुख्य अतिथि के रूप में एचडीएफसी लाइफ के एसोसिएट रीजनल हेड दीपक राणा ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारियों और छात्र समन्वयकों के साथ बातचीत की। सीपीसी की मानद निदेशक प्रो. मीना शर्मा ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट से संबंधित गतिविधियों के लिए एक केंद्रीकृत कार्य प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित वेबिनार, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ वार्ता और प्लेसमेंट ड्राइव जैसी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी, जो छात्रों के समग्र विकास पर केंद्रित हैं।

दीपक राणा ने छात्रों के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों और प्लेसमेंट प्रक्रिया में छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के नेतृत्व में विभिन्न विभागों में प्लेसमेंट गतिविधियों के विकेंद्रीकरण की सलाह दी और कहा कि छात्रों को आवश्यक कौशल हासिल करने में मदद करने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

# सीजीसी झंजेरी में 'सविस्कर 2024' का धूमधाम से आयोजन



**चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेज (सीजीसी) झंजेरी में वार्षिक तकनीकी महोत्सव 'सविस्कर 2024' के भव्य आयोजन के दुसरे दिन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, जीएनए यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी सहित इलाके के 25,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आपको बता दें 'सविस्कर 2024' तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित था–प्रौद्योगिकी, गैर-प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक। प्रौद्योगिकी श्रेणी में 'प्रोजेक्ट डिस्प्ले', 'रोबो वॉर', 'रोबो रेस', 'ड्रोन प्रतियोगिता', 'कोड क्रैकर', 'थिंकटॉन', 'हैकथॉन (24 घंटे)', 'मोबाइल गेमिंग', वॉर ऑफ वर्ड्स (वाद-विवाद), एप डेवलपमेंट, सस्टेनेबल बिल्डिंग डिजाइन और अन्य आकर्षक प्रतियोगिताएं शामिल थीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय धरोहर का जीवंत प्रदर्शन किया, जिसमें बीट ब्रेकर्स (इंडियन/वेस्टर्न डांस), भारतीय नृत्य, अभिनय (एकांकी और माइम), मिस्टर और मिस सविस्कर 2024, बैटल ऑफ बैंड्स, ओपन माइक और सविस्कर गॉट टैलेंट जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस महोत्सव के मुख्य अतिथि, पंजाब सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंड ने अपने उद्घाटन भाषण में सीजीसी झंजरिया की शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी दृष्टि की सराहना की, जो केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि तकनीक और संस्कृति के संगम के माध्यम से समग्र विकास को भी बढ़ावा देती है। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण संगीत की रात रही, जहां वकार खान के सुरों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस रात ने महोत्सव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

बैटल ऑफ बैंड्स के विजेताओं को 31,000 और 21,000 की पुरस्कार राशि से नवाजा गया, जबकि रोबो रेस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम ने 11,000 का इनाम जीता। कुल मिलाकर 10 लाख की नकद पुरस्कार राशि के साथ, इस महोत्सव ने प्रतिभागियों के कठिन परिश्रम और प्रतिभा का भव्य सम्मान किया।

# तैराकी प्रतियोगिता में सिवली सहगल और दीक्षा थिंड का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नावेद .चंडीगढ़ दिनभर**

**मोहाली :** खेल वतन पंजाब 2024 के तहत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक जिला खेल भवन, सेक्टर 63, एसएएस नगर (मोहाली) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का संचालन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार किया गया।

आज खेलों का तीसरा दिन था, जिसमें खास अतिथि के रूप में डेफ ओलंपिक गेम्स बर्सा 2022 में तैराकी के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय एथलीट वैवब राजोरियन का स्वागत किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर पंजाब खेल विभाग के संयुक्त निदेशक बलविंदर सिंह और जिला खेल अधिकारी की टीम द्वारा भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया। जनसंपर्क विभाग पंजाब के मनविंदर सिंह ने भी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस टूर्नामेंट में 19 जिलों के 450 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लकी ड्रा भी निकाला गया, जिसमें मोहाली की गुंतशप्रीत कौर ने पहला स्थान, पठानकोट की रिध्या शर्मा ने दूसरा और रिद्धि जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### आज के खेल परिणाम

**अंडर-14 (लड़कियां)**

**100 मीटर बटरफ्लाई :** रमनजोत कौर ने पहला, कटाना चहल ने दूसरा और हूनर अहलूवाली ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक :** अलैना शर्मा ने पहला, सिद्धि जोशी ने दूसरा और अंशिका गर्ग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**अंडर-17 (लड़कियां)**

**200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक :** दीक्षा थिंड ने पहला, हरमिहर कौर ने दूसरा और दृष्टि एग्रीस ने तीसरा स्थान जीता।

**200 मीटर बटरफ्लाई :** अपूर्वा शर्मा ने पहला, गुनिका ने दूसरा और राध्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**अंडर-21 (लड़कियां)**

**200 मीटर बटरफ्लाई :** सिवली सहगल ने पहला, रवनीत कौर ने दूसरा और प्रियंका शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक :** एकमवीर कोर संधू ने पहला, अस्ता शर्मा ने दूसरा और किरनजोत कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**अंडर-21-30 (लड़कियां)**

**200 मीटर बटरफ्लाई :** सुदिष्टी ने पहला, नंदिनी ने दूसरा और किरण कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

*टूर्नामेंट का समापन 24 अक्टूबर को होगा, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।*

## एक नजर

### जालंधर में दो किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**जालंधर :** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने अफीम की तस्करी में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को दो किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बुधवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वाई प्वाइंट, भगत सिंह कॉलोनी, जालंधर के पास नाकाबंदी की थी। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान जालंधर से अमृतसर जाने वाली स्लिप रोड पर सफेद रंग की महिंद्रा पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। श्री शर्मा ने बताया कि जब पुलिस पार्टी ने चालक को रुकने का इशारा किया तो चालक घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। शर्मा ने बताया कि पुलिस ने वाहन का पीछा किया और जांच शुरू की। चालक की पहचान बबलू पुत्र मुन्ना लाल निवासी गांव कैमुआ सरदार नगर औनाला, थाना बमोरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश और उसके साथी ने खुद को आकाश कुमार पुत्र मोरा लाल निवासी गांव कैमुआ, थाना बमोरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में पहचाना। उन्होंने बताया कि वाहन की जांच के दौरान पुलिस ने उसमें से दो किलोग्राम अफीम बरामद की।

### सरकारी स्पोर्टस कालेज में छह नवंबर से अग्निवीर भर्ती रैली

**जालंधर :** भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर भर्ती के लिए सरकारी स्पोर्टस कालेज जालंधर में आगामी छह से 13 नवंबर तक भर्ती रैली होने जा रही है, जिसमें राज्य के अलग- अलग जिलों से उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए एस.डी.एम.जालंधर-1 रणदीप सिंह ने बुधवार को भर्ती वाले स्थान पर फौज और अलग- अलग विभागों के आधिकारियों के साथ मीटिंग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को भर्ती रैली दौरान उम्मीदवारों के रहने, खाने- पीने, भर्ती के स्थान पर टैंट, बिजली बैकअप, इंटरनेट, सी.सी.टी.वी., ट्रैफिक कंट्रोल, बैरीकेटिंग,शौचालय, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित अन्य ज़रूरी प्रबंध समय पर यकीनी बनाने के दिशा- निर्देश दिए। ज़िला रोज़गार और कारोबार ब्यूरो के डिप्टी डायरैक्टर नीलम महे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भर्ती रैली में वह उम्मीदवार हिस्सा लेने के योग्य होंगे, जिन्होंने पहले से ही भारतीय फौज की वैबसाईट पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवाई हुई है।

### जिंदल आईवीएफ़ ने हासिल की एक चिकित्सीय सफलता

**शिमला :** इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ)और सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) सेवाएं देने वाले देश का बड़ा संस्थान जिंदल आईवीएफ प्रजनन देखभाल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। हाल ही में संस्थान ने प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग फॉर स्ट्रक्चरल रीअरेंजमेंट्स (पीजीटी.एसआर) केस को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस अत्याधुनिक प्रक्रिया ने सेकेंडरी इंफर्टिलिटी और प्रसव संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे एक कपल को नई उम्मीद दी है। दरअसल यह मामला एमकेबी नामक एक 35 वर्षीय महिला से संबंधित है। वह सेकेंडरी इनफर्टिलिटी और प्रसव संबंधी कई समस्याओं का सामना कर रही थी। जिंदल आईवीएफ में जांच के बाद पता चला कि मेडिकल हिस्ट्री में एक एक्टोपिक प्रेगनेंसी और दो स्पोंटेनियस एबॉर्शन शामिल थे। जांच में यह भी पता चला कि एमकेबी को रॉबर्टसोनियन क्रोमोसोमल ट्रांसलोकेशन नामक एक जेनेटिक कंडीशन भी है जिससे स्वाभाविक गर्भाधान का खतरा होता है और इससे गर्भपात का जोखिम बढ़ सकता है। डॉक्टर शीतल ने इस मामले की जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील था क्योंकि मरीज में क्रोमोसोमल असामान्यता और पिछले गर्भधारण में नुकसान हो चुका था। हमारा मुख्य ध्यान आईवीएफ प्रक्रिया को पूरा करने और पीजीटी एसआर के जरिए एक मजबूत आनुवंशिक जांच करने पर थाए ताकि स्वस्थ गर्भावस्था की संभावना अधिकतम हो सके। हर कदम में अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता थी चाहे वह अंडाणु संग्रह हो,आनुवांशिक विश्लेषण हो या भ्रूण चयन।

### राठौर ने तीन महत्वपूर्ण सड़कों का किया भूमि पूजन

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने मंगलवार को अपने चुनाव क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों का भूमि पूजन किया। लगभग दो करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली सड़कों में सरकाल्टी से करालटी सड़क, रौन कराली से नोटोड सड़क एवं बाड़ीधार बलगर सड़क का भूमि पूजन किया। राठौर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए यह बहुत ही महतवपूर्ण सड़कें है जिसका आज भूमि पूजन किया गया है। सड़कों का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर क्षेत्र के लोगों को इन सड़कों का लाभ मिलेंगा। उन्होंने कहा कि जिले की भौगौलिक परिस्थितिओं के अनुरूप सड़कें हमारे जीवन की भाग्य रेखाएं कहलायी जाती है। इस दृष्टि से भी इन सड़कों का महत्व और अधिक हो जाता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को इस सौगात के लिए बधाई भी दी।

# सुप्रीम कोट ने पराली मामले में पंजाब सरकार को लगाई फटकार

## शीर्ष अदालत में सुनवाई जारी, कहा- जमीनी स्तर पर नहीं हुआ काम, कानून के मुताबिक दोनों सरकारें काम करने में फेल साबित हुई

चंडीगढ़ दिनभर



**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त है। आज (बुधवार) को इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में दोनों सरकार को फटकार लगाई है। साथ ही कहा कि इस मामले में जमीनी स्तर पर काम नहीं हुआ है। कानून के मुताबिक दोनों सरकारें काम करने में फेल साबित हुई है।

इस मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत में गलत बयानबाजी की जा रही है। ऐसे में हम अवमानना नोटिस जारी करेंगे, अन्यथा हमें सही जानकारी दी जाए। वहीं, उत्तर भारत में पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए सख्त नियम बनाने में विफल रहने पर केंद्र की आलोचना भी अदालत ने की है। साथ कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 'शक्तिहीन' हो गया है। गत सुनवाई पर अदालत ने कहा था कि इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर उनके आदेशों का पालन नहीं किया तो अवमानना का केस दर्ज किया जाएगा।अदालत दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण भी सख्त है।

**600 लोगों को सीधे क्यों छोड़ा गया :** शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकार द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने पर कड़ी आपत्ति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वाकई कानून लागू करने में दिलचस्पी रखती हैं तो कम से कम एक मुकदमा तो होना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुर्माना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को छोड़ रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकर्ताओं को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

### डीसी व एसएसपी ने फील्ड में संभाला मोर्चा

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद पंजाब सरकार खुद हरकत में आ गई है। सभी जिलों में प्रशासनिक अधिकारी फील्ड में उतार दिए गए हैं। वह लोगों को जागरूक करने के साथ आग बुझाने को लेकर गंभीरता दिखा रहे हैं। सभी जिलों के छ्ष्ट और स्स्क्क्रने पूरे राज्य में 522 जॉइंट दौरे किए गए। स्क्रूऔर छ्स्क्कद्वारा 981 संयुक्त दौरे किए गए। इस दौरान उन्होंने 2504 जन जागरूकता बैठकें की हैं, जबकि किसान और किसान यूनियनों के साथ 2457 बैठकें आयोजित की गईं।

### 874 पर केस दर्ज व 394 के रिकॉर्ड में रेड एंट्री

पराली जलाने के मामलों में पुलिस की तरफ से अब तक 874 केस दर्ज किए गए हैं, जबकि 10.55 लाख का जुर्माना लगाया गया है। 394 किसानों के रेवेन्यू रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी की गई है। पंजाब पुलिस के विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला की तरफ से यह जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से लोगों पर केवल कार्रवाई नहीं की जा रही है। बल्कि लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकें।

### पराली के धुएं पर राजनीति जोरों पर

एक तरफ यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ इस मामले में राजनीति गर्मा गई है। आम आदमी पार्टी यूथ विंग के सोशल मीडिया अकाउंट ङ्ग पर दिल्ली में प्रदूषण को लेकर एक पोस्ट शेयर की गई है। जिसमें कहा गया है कि बीजेपी की केंद्र सरकार के डाटा ने बताया बीजेपी शासित राज्यों का सच। हरियाणा में पराली जलाने के 23 फीसदी केस बढ़े। यूपी में 71 फीसदी केस बढ़े, जबकि,क्च शासित राज्य पंजाब में 27 फीसदी पराली जलाने के केस कम हुए हैं।

# पंजाब के शैलर मालिक आज केंद्र सरकार से मिलेंगे

## धान लिफ्टिंग के मामले को लेकर होगी बैठक, कई मंत्री रहेंगे मौजूद

चंडीगढ़ दिनभर



**चंडीगढ़ :** पंजाब में धान की लिफ्टिंग का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस बीच आज केंद्र सरकार पंजाब के राइस मिलर्स के साथ बैठक करने जा रही है। यह बैठक केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुलाई है। इसमें राइस मिलर्स अपना मुद्दा उठाएंगे। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मेघवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण चुंग भी मौजूद रहेंगे। हालांकि इससे पहले इस मामले को लेकर राजनीति भी जोरों पर चल रही है। विपक्षी दल राज्य सरकार को घेर रहे हैं। जबकि सरकार के मंत्री इस पूरे मामले के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत की :** पंजाब में धान खरीद से जुड़ी दिक्कतों को लेकर सीएम भगवंत मान ने 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत की थी। उन्होंने राइस मिलरों के मामलों को उनके समक्ष उठाया है। इस दौरान मुख्य रूप से ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट में दिक्कत का मामला उठाया था। स्टोरेज स्पेस की कमी है, हाइब्रिड क्वालिटी का मुद्दा और सेलर्स को होने वाले घाटे के बारे में विस्तार से गृह मंत्री को बताया था।

**दिल्ली में केंद्रीय सरकार से मीटिंग की थी :** सीएम भगवंत मान और पंजाब के अधिकारियों चावल की लिफ्टिंग के मामले में नौ दिन पहले केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से मीटिंग की थी। मीटिंग में जोशी ने आश्वासन दिया है कि पंजाब के गोदामों में पड़ा 120 लाख मीट्रिक टन चावल 31 मार्च तक उठा दिया जाएगा। मीटिंग में तय हुआ है कि किसी शेलर को अगर किसी जगह अनाज अलॉट होता है, लेकिन बाद उसे स्टेशन से अनाज उठाने के आदेश होते है, , तो इस दौरान होने वाला सारा खर्च केंद्र सरकार की तरफ से उठाया जाएगा।

### शैलर मालिकों के हक में लिए चार फैसले

21 अक्टूबर को पंजाब सीएम ने सारे जिलों के अधिकारियों और विभाग के मंत्री से मीटिंग की थी। इसमें तय हुआ था कि पहले सरप्लस पैडी की आरओ जब दी जाती थी तो 50 रुपए प्रति टन फीस ली जाती थी। उस आरओ फीस को 10 रुपए तय किया गया था। वहीं, कोई आरओ लेता है और अगले दिन फसल उठा ले लेता तो उसे वह फीस भी उसे नहीं देनी होगी। बीआरएल शैलरों पर कई तरह केस लंबित हैं। अब इनके सिस्टर पार्टनर या गारंटर भी काम कर पाएंगे। हालांकि पहले यह नियम नहीं था। 200 शैलरों को इससे फायदा होगा। इसके अलावा मिलर्स जिले की किसी भी जगह से धान उठा सकते हैं। अब जिला स्तर के सर्किल बनाए गए हैं। पहले यह छोटे होते थे। पहले नई मिलों को पुरानी धान दी जाती थी।

# लुधियाना में आरटीए ऑफिस के बाहर हंगामा

## प्रदर्शनकारी बोले- एजेंट्स से लोग परेशान



चंडीगढ़ दिनभर

**लुधियाना :** लुधियाना में आज आरटीए दफ्तर के बाहर एक व्यक्ति ने जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे व्यक्ति ने आरटीए दफ्तर के बाहर घूमने वाले एजेंटों पर जालसाज़ी के गंभीर आरोप लगाए। शोर-शराबा सुन आरटीए दफ्तर के कर्मचारी भी बाहर निकले लेकिन एजेंटों पर बात आती देख वह भी दफ्तरों में घुस गए।

जानकारी देते हुए किरपाल नगर एसोसिएशन के प्रधान रछपाल सिंह सिद्धू ने कहा कि उनके दामाद ज्ञान सिंह के बाइक का चालान हुआ था। करीब ढ़ाई महीने पहले जब वह चालान भरने आया तो उसे आरटीए दफ्तर के बाहर कुछ एजेंट मिल गए। उन लोगों ने उसे बातों में उलझा लिया और करीब 2 से 2500 रुपए में चालान भुगतान करने की बात कही।

**एजेंट से परेशान होकर आज किया हंगामा :** सिद्धू ने कहा कि उन लोगों ने उनके दामाद से करीब 2 हजार भी ले लिया लेकिन आज तक उसका चालान नहीं भरा गया। एजेंट ममता और मनी को वह कई बार फोन भी कर चुके। लेकिन उन लोगों ने पैसे लेने के बाद उनका फोन तक नहीं उठाया। आज वह एजेंटों की जालसाजी से परेशान होकर आरटीए दफ्तर के बाहर हंगामा करने के लिए मजबूर हुआ है।

सिद्धू ने कहा कि लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि आम लोगों से एजेंट लूट न कर सके। चालान भरने में आने वाली परेशानियों का एजेंट फायदा उठाते हुए भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे है। आरटीए दफ्तर में फैले भ्रष्टाचार के संबंध में जब आरटीए कुलदीप सिंह से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# जालंधर के स्पोर्ट्स कॉलेज में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

## 6 से 13 नवंबर तक समय निर्धारित, निरीक्षण के लिए पहुंचे सेना और प्रशासनिक अधिकारी

चंडीगढ़ दिनभर



**जालंधर :** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए जालंधर के स्पोर्ट्स कॉलेज जालंधर में 6 से 13 नवंबर तक भर्ती रैली होने जा रही है। इसे लेकर पूरे राज्य के अलग-अलग जिलों से युवा हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे। आज यानी बुधवार को भारतीय सेना के अधिकारियों, जालंधर प्रशासन और सहित अन्य विभाग के अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे।

तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम जालंधर-1 रणदीप सिंह ने भर्ती वाले स्थान पर फौज और अलग अलग विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को भर्ती रैली दौरान अभ्यर्थियों के रहने, खाने पीने, भर्ती के स्थान पर टैंट, बिजली बैकअप, इंटरनेट, सीसीटीवी, ट्रैफिक कंट्रोल, बैरिकेडिंग, शौचालय, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सहित अन्य जरुरी प्रबंध समय पर यकीनी बनाने के दिशानिर्देश दिए।

### भारतीय सेना की वेबसाइट पर प्राप्त करें जानकारी

जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो के डिप्टी डायरैक्टर नीलम महे ने कहा कि इस भर्ती रैली में वह अभ्यर्थी हिस्सा लेने के योग्य होंगे। जिन्होंने पहले से ही भारतीय आर्मी की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ है। मीटिंग में आर्मी रिक्रूटमेंट अधिकारी कर्नल विपलोव डोगरा, सरकारी स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल रणबीर सिंह, एसीपी हेड क्वार्टर मनमोहन सिंह, तहसीलदार स्वपनदीप कौर, रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण अधिकारी नरेश कुमार और अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# हिमाचल में देवर-भाभी के बीच हुई मारपीट

पुनीत महाजन.चंडीगढ़ दिनभर

**मंडी :** हिमाचल प्रदेश के मंडी में जमीनी विवाद में देवर ने भाभी के साथ हाथापाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें देवर अपनी भाभी को घसीटते हुए देखा जा सकता है। इससे महिला के कपड़े तक फट जाते है। अब इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।

दरअसल, यह मामला बीते 18 अक्टूबर का है। पीड़ित महिला छंदी देवी घटना वाले दिन इसकी शिकायत लेकर रिवालसर पुलिस चौकी पहुंची। छंदी देवी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस 5 दिन बाद भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। यह शिकायत लेकर पीड़ित महिला व उसके परिजन बीते मंगलवार को स्क्र मंडी साक्षी वर्मा और एबीसी मंडी रोहित राठौर से मिलने पहुंचे। छंदी देवी के बेटे यदोपति ने बताया कि रिवालसर पुलिस उनकी माता का 2 बार मेडिकल करवा चुकी है, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले रही।

# हिमाचल में रात के तापमान में उछाल
# अगले 6 दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना नहीं

## अक्टूबर में 97 प्रतिशत कम बारिश, बने सूखे जैसे हालात, मनाली का तापमान बीती रात को 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया

पुनीत महाजन.चंडीगढ़ दिनभर



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में बीती रात न्यूनतम तापमान में भारी उछाल आया है। प्रदेश का औसत मिनिमम टैम्प्रेचर नॉर्मल से 2.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो गया है। मनाली के न्यूनतम तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 4.5 डिग्री का उछाल आया है। मनाली का तापमान बीती रात को 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

लाहौल स्पीति के केलांग में 20 अक्टूबर के बाद तापमान माइनस में रहता है, लेकिन मंगलवार रात को केलांग का तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री के उछाल के साथ 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 31 अक्टूबर 2021 को केलांग का रिकॉर्ड न्यूनतम तापमान माइनस 3.6 डिग्री तक दर्ज किया गया था। मगर इस बार केलांग में भी सामान्य से ज्यादा पारा चल रहा है।

**इकलौते पालमपुर में सामान्य से कम तापमान :** कांगड़ा जिला के पालमपुर कस्बे को छोड़कर अन्य सभी शहरों में न्यूनतम तापमान नॉर्मल से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हालांकि 2 दिन पहले तक रात के तापमान में गिरावट आ रही थी, लेकिन बीती रात से अचानक तापमान में उछाल आया है। इसी तरह ज्यादातर शहरों में अधिकतम तापमान भी नॉर्मल से ज्यादा चल रहा है। आलम यह है कि मंडी, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर में दिन के वक्त लोगों के पसीने छूट रहे हैं।

# प्रियंका गांधी के नामांकन में पहुंचे हिमाचल सीएम सुक्खू

## बोले- इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में आ रही प्रियंका, यह अच्छी बात, वायनाड़ सीट से फाइल किया नॉमिनेशन

पुनीत महाजन.चंडीगढ़ दिनभर



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बुधवार को प्रियंका गांधी के नामांकन में शामिल होने वायनाड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अच्छी बात है कि पांच साल संगठनात्मक राजनीति में बिताने के बाद प्रियंका गांधी इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में उतर रही हैं। बीते कल कैबिनेट मीटिंग के बाद सीएम सुक्खू दिल्ली पहुंचे। उन्होंने दिल्ली से वायनाड के लिए उड़ान भरी।

दरअसल, प्रियंका गांधी ने आज वायनाड सीट से लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके बाद वायनाड में कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल इत्यादि नेता भी मौजूद रहे। बता दें कि वायनाड सीट राहुल गांधी के इस्तीफे के कारण खाली हुई है। प्रियंका गांधी यहां से उप चुनाव लड़ रही हैं। हिमाचल में कांग्रेस को सत्ता में लाने में प्रियंका की बड़ी भूमिका रही है।

**हिमाचल में संभाली थी चुनाव प्रचार की कमान :** हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार की कमान प्रियंका ने अकेले संभाली थी, क्योंकि उस समय राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर थे। इसलिए सीएम सुक्खू भी प्रियंका के नामांकन में शामिल होने गए थे। इसलिए सुखविंदर सुक्खू आज और कल हिमाचल या शिमला में प्रदेश की जनता के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। सीएम कल दोपहर तक शिमला लौट सकते हैं। सीएम सुक्खू आज दोपहर वायनाड से दिल्ली लौटेंगे।

**दिल्ली में हाईकमान से कर सकते हैं मुलाकात :** सीएम आज शाम को दिल्ली लौटेंगे। दिल्ली में वह कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान विभिन्न बोर्ड व निगमों में ताजपोशी को लेकर हाईकमान से चर्चा कर सकते हैं। प्रदेश में मार्केटिंग बोर्ड, कुछ जिलों की कृषि उपज विपणन समिति सहित कई बोर्ड निगमों में अभी ताजपोशी होनी है। लिहाजा हाईकमान से चर्चा के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश कांग्रेस नेताओं की ताजपोशी इन पदों पर कर सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस संगठन में भी फेरबदल को लेकर चर्चा संभावित है, क्योंकि कांग्रेस के बहुत सारे सीनियर नेता निष्क्रिय है। ऐसे नेताओं को पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी कई बार पदमुक्त करने के संकेत दे चुकी है। इसे लेकर बीतों दिनों प्रतिभा सिंह भी हाईकमान से चर्चा कर चुकी है।

# शिमला में नशा तस्करी करने वाली दो युवतियां गिरफ्तार : अब तक 2 गैंग का हो चुका पर्दाफाश

पुनीत महाजन.चंडीगढ़ दिनभर




**शिमला :** हिमाचल के शिमला में पुलिस ने मंगलवार को नशा तस्करी करने वाली दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी युवती सगी बहनें हैं। बीते कल ही पुलिस ने रंजन गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार करके उसका भंडाफोड़ किया था, मंगलवार को गिरफ्तार हुई दोनों युवतियां भी इसी गैंग की सदस्य हैं। शाही महात्मा और राधे गैंग के बाद पुलिस ने रंजन गैंग के 6 आरोपियों को कल गिरफ्तार किया था। इस गैंग के 3 सदस्य पहले पकड़े जा चुके थे। इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने रंजन गैंग का पर्दाफाश किया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बीते 13 सितंबर को कोटखाई में एक किराए के कमरे से 3 लोगों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था, जिसमें 2 कोटखाई और 1 दिल्ली का तस्कर शामिल था। इनकी गिरफ्तारी के समय पुलिस को जानकारी मिली कि इनका अंतरराज्यीय गिरोह है। इसके बाद पुलिस ने जांच जारी रखी और इनका बैक ग्राउंड खंगाला। इसमें पुलिस को सोमवार को बड़ी कामयाबी मिली थी, जब पुलिस ने इस गैंग के 6 लोगों को गिरफ्तार किया था और आज इसी में दो लड़कियों की गिरफ्तारी हुई है।

**मामले में अब तक 11 लोग गिरफ्तार :** डीएसपी ठियोग ने बताया कि रंजन गैंग के अब तक 11 तस्कर पकड़े जा चुके हैं। गैंग में पकड़े गए तस्करों में गैंग का सरगना रंजन शर्मा कोटखाई का रहने वाला है। वहीं सुमन शाही कोटखाई, कमल आचार्य पश्चिमी दिल्ली का रहने वाला है। इनके अलावा बीते कल 6 लोगों जिनकी पहचान विकास दत्ता उम्र 38 गांव गूंजदली पीओ व तहसील टिककर शिमला, लोकेंद्र कंवर उम्र 39 गांव कराली कोटखाई, सचिन चौहान उम्र 31 गांव कुपवी नाला कोटखाई, कपिल सावंत उम्र 38 गांव जलताड़ चलनैर कोटखाई, प्रमोद खिमटा उम्र 40 गांव आदर्श नगर देवरी खनेटी कोटखाई और अभिलाष उम्र 31 गांव सहडौली कोकुनाला शिमला के रहने वाले के रुप मे हुई थी। मंगलवार को इसमें दो लोगों का और इजाफा हुआ है।

पुलिस ने गिरफ्तार की गई युवतियों की पहचान महक नेगी उम्र 24 ,निवासी पडशाल, डाकघर दरकोटी, तहसील कोटखाई व सिमरन नेगी उम्र 22 साल ,पडशाल डाकघर दरकोटी तहसील कोटखाई जिला शिमला के रूप में हुई है। गिरफ्तार हुई दोनों युवतियां रिश्ते में बहने बताई जा रही हैं।




# पिंजोर में डेंगू और डायरिया का कहर, स्वास्थ्य विभाग पर उठ रहे सवाल

## पिंजोर की 20 वर्षीय शाजिया बीकॉम छात्रा की कल देर रात हुई मौत

**कपिल नागपाल.चंडीगढ़ दिनभर**

**पंचकूला :** डेंगू और डायरिया ने पिंजोर और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। डेंगू से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि डायरिया के चलते चार अन्य लोगों की जान जा चुकी है। इसी बीच, पिंजोर की 20 वर्षीय शाजिया, जो कालका कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा थी, की कल देर रात मौत हो गई। उसके परिवार का दावा है कि शाजिया को डेंगू था, जिसके कारण उसकी जान गई।



**1025 से अधिक डेंगू के मामले, अस्पतालों में मरीजों की भीड़:** पंचकूला में डेंगू के 1025 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं, और अस्पतालों में बुखार के मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। पंचकूला के सेक्टर 6 अस्पताल में नाइट शिफ्ट में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मरीजों को व्हीलचेयर और स्ट्रेक्चर जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं, और कई मरीज एक ही बेड पर इलाज कराने को मजबूर हैं।

**रोजाना आ रहे सैकड़ों मरीज:** सेक्टर 6 अस्पताल में रात के समय 200 से 300 मरीज बुखार से पीड़ित पहुंच रहे हैं, जबकि दिन में यह संख्या 400 से 500 तक बढ़ जाती है। इन मरीजों में अधिकतर डेंगू और बुखार के लक्षणों से ग्रस्त हैं। अस्पताल में व्यवस्थाओं की कमी ने मरीजों और उनके परिवारों की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

### स्वास्थ्य विभाग और पब्लिक हेल्थ की टीम सक्रिय

स्वास्थ्य विभाग ने दूषित पानी की सप्लाई को लेकर पब्लिक हेल्थ विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दूषित पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और क्लोरीन मिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। पंचकूला के उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा है कि पानी की लीकेज को ठीक करने और डोर टू डोर सर्वे की रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए गए हैं।

#### गांव रामगढ़ में डायरिया का प्रकोप

पंचकूला के रामगढ़ गांव में दूषित पानी की सप्लाई के कारण डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 1035 घरों का सर्वे किया और पाया कि दूषित पानी के कारण गांव के लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे हैं।

#### दूषित पानी बना शाजिया की मौत का कारण

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के मृतकों के परिवारों से बात की। 70 वर्षीय संतोख सिंह और 76 वर्षीय अजमेर सिंह की मौत उल्टी-दस्त के कारण हो गई है। इसी तरह, 33 वर्षीय कुलदीप कुमार और 77 वर्षीय सरोज बाला की भी मौत डायरिया के चलते हुई है।

#### नागरिकों का आक्रोश

रामगढ़ गांव के निवासियों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए बताया कि शिकायत देने के बाद ही कार्रवाई शुरू की गई है। कई दिनों से दूषित पानी की सप्लाई होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसके चलते गांव के लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं।

## डीएवी 39डी में महर्षि आनंद स्वामी जी के जन्मदिवस पर भव्य यज्ञ का आयोजन



**चंडीगढ़ :** डीएवी पब्लिक स्कूल 39डी में आज महर्षि आनंद स्वामी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि चंडीगढ़ उपसभा के तत्वाधान में किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रधानाचार्या ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यज्ञ का उद्देश्य शांति, समर्पण और एकता के साथ सभी के सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रों के उच्चारण और प्रार्थना के साथ हुई। प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी ने इस अवसर पर छात्रों को जीवन में सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरक संदेश दिया। यज्ञ के दौरान, छात्रों ने हवन में आहुति देकर इसकी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रधानाचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों के महत्व पर बल दिया। यह आयोजन न केवल एक आध्यात्मिक समर्पण था, बल्कि छात्रों के लिए नैतिकता और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी बना।

## डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने प्रतिभाशाली चित्रकार छवलीन कौर का किया सम्मान



**चंडीगढ़ :** पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने आज विधानसभा भवन, सेक्टर-1 चंडीगढ़ में जालंधर की प्रतिभाशाली चित्रकार मिस छवलीन कौर को उनके उत्कृष्ट कला कार्यों के लिए सम्मानित किया। छवलीन कौर, जिन्हें 'छवि' के नाम से भी जाना जाता है, ने अपनी कलात्मक उपलब्धियों से प्रदेशभर में पहचान बनाई है। सम्मान समारोह के दौरान, डिप्टी स्पीकर ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि छवलीन कौर न केवल एक उत्कृष्ट चित्रकार हैं, बल्कि प्रदेश की अनगिनत लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। रौड़ी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि छवि जैसी युवा प्रतिभाओं का समर्थन करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना पंजाब सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ऐसे युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें और प्रदेश का नाम रोशन करें। यह सम्मान छवलीन कौर की कलात्मक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, और उनके भविष्य के प्रयासों को लेकर सभी को उनसे और भी बड़ी उम्मीदें हैं।

## बैंकर्सक्लब ने चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में विस्तार किया



**चंडीगढ़. नावेद :** फिनटेक प्लेटफॉर्म बैंकर्सक्लब ने आज उत्तरी भारत में अपने बाजार का विस्तार करते हुए चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में अपनी पहली को-पार्टनरशिप की घोषणा की। इस विस्तार का नेतृत्व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव पुरी करेंगे, जिन्हें बैंकिंग क्षेत्र में गहन अनुभव प्राप्त है। बैंकर्सक्लब, वित्तीय परामर्श सेवाओं के माध्यम से छोटे व्यवसायों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त बना रहा है, और अपनी विस्तार योजना के तहत, चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में नया कार्यालय खोला गया है। यह कार्यालय संगठन का प्रमुख केंद्र बनेगा और इसके संचालन का आधार होगा। राजीव पुरी, जो पंजाब में जन्मे और बैंकिंग जगत के अनुभवी पेशेवर हैं, उत्तर भारत के बाजार में गहरी पकड़ रखते हैं। उनके नेतृत्व में बैंकर्सक्लब इन क्षेत्रों में 100 से अधिक पूर्व बैंकर्स को जोड़ने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही, बैंकर्सक्लब ने अपनी अगली दो तिमाहियों में 10 को-पार्टनर्स के साथ गठबंधन की योजना बनाई है, जिससे यह फिनटेक प्लेटफॉर्म अपने विस्तार को तेजी से स्केल कर सके। बैंकर्सक्लब के फाउंडर एवं सीईओ रजत चोपड़ा ने कहा, 'भारत में एमएसएमई क्रेडिट की पहुंच अभी भी बेहद कम है, और हम इस अंतर को कम करने के लिए काम कर रहे हैं। छोटे शहरों और क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं और पूंजी की उपलब्धता बढ़ाकर हम व्यवसायों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद कर रहे हैं।'

## कृषि निदेशक का गढ़ी कोटाहा में धान कटाई प्रयोगों का निरीक्षण, किसानों को मिली जागरूकता



**रायपुररानी, देवेन्द्र सिंह :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र सिंह सौलंकी ने गढ़ी कोटाह गांव में धान की फसल के कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डॉ. सौलंकी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस खरीफ सीजन में फसल कटाई प्रयोगों को गंभीरता से लें। इन प्रयोगों के परिणामों के आधार पर हर गांव की औसत पैदावार निर्धारित की जाएगी, जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के क्लेम निर्धारण में सहायक होगी। इस दौरान सहायक सांख्यिकी अधिकारी उपेन्द्र सहरावत ने बताया कि जिले के सभी गांवों में फसल कटाई प्रयोगों के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक गांव में धान, बाजरा और मक्का के लिए चार-चार फसल कटाई प्रयोग किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य आंकड़ों में शुद्धता लाना है। वही डॉ. सौलंकी ने गढ़ी कोटाहा में कृषि विभाग के बीटीएम उमेश चहल द्वारा चलाए जा रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपेन्द्र सहरावत और उप मंडल कृषि अधिकारी पिंजौर डॉ. बलबीर भान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## छीना हुआ फोन और चोरी की एक्टिवा सहित आरोपी गिरफ्तार




**चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** पुलिस स्टेशन-34 ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दोनों मामलों में चोरी और स्नैचिंग के आरोपियों से छीनी गई संपत्ति और चोरी की गाड़ियां बरामद की गई हैं।

**पहला मामला :** 18 अक्तूबर, 2024 को शाम 7ः30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि सेक्टर-44 बी, चंडीगढ़ में एक्टिवा स्कूटर पर सवार दो लड़कों ने एक महिला से मोबाइल फोन छीन लिया। शिकायतकर्ता सान्या (उम्र 26 वर्ष) ने बताया कि जब वह गली में टहलते हुए अपने फोन पर रील देख रही थी, तभी दो अज्ञात लड़के एक्टिवा पर आए और उसका फोन छीनकर भाग गए। पुलिस ने इस मामले में धारा 379बी, 379, 411 आईपीसी दर्ज की। मामले की जांच करते हुए इंस्पेक्टर लखवीर सिंह और उनकी टीम ने आरोपी विक्रम मसीह राजा (उम्र 23 वर्ष) को 23 अक्तूबर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से छीना हुआ ओप्पो मोबाइल फोन और काले रंग की एक्टिवा (जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी पाया गया) बरामद किया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर एक्टिवा तीन सप्ताह पहले सोहाना से चुराई थी और वे कई स्नैचिंग में शामिल रहे हैं।

**आरोपी का विवरण**

**नाम :** विक्रम मसीह उर्फ राजा
**पिता :** तरसेम सिंह लाडी
**निवासी :** गांव तंगोरी, जिला मोहाली, पंजाब
**उम्र :** 23 वर्ष
**पेशा :** गोताखोर

**दूसरा मामला**

14 अक्तूबर, 2024 को एक शिकायतकर्ता ने ई-एफआईआर दर्ज कराई थी कि उसकी एक्टिवा जो हरियाणा नंबर की थी को बुड़ैल, सेक्टर-45, चंडीगढ़ से चोरी कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी फरमान अहमद (उम्र 26 वर्ष) को 23 अक्तूबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद की गई।

आरोपी का विवरण
**नाम :** फरमान अहमद
**पिता :** सबरूदीन
**निवासी :** मकान नं. 335/बी

## पंजाब में मिलावटी देसी घी और खोया बेचने पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

**चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** पंजाब में मिलावटी देसी घी और खोया की बिक्री का मामला गंभीर रूप से सामने आया है। हाल ही में दूध और उससे बने उत्पादों के सैंपल जांच में यह खुलासा हुआ कि देसी घी के 21त्न और खोये के 26त्न नमूने गुणवत्ता के न्यूनतम मानकों पर खरे नहीं उतरे। इस गंभीर मामले को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें सरकार की लापरवाही और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की बात कही गई है।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी मिलावटखोरी के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे, जिससे आम जनता का स्वास्थ्य खतरे में है। हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने माना कि मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने में राज्य सरकार विफल रही है। याचिका में कहा गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ब्लाह्) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में मिलावटी दूध बेचा जा रहा है। 70त्न से अधिक दुग्ध उत्पाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं। एडवोकेट सुनैना ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 89.2 प्रतिशत दुग्ध उत्पादों में किसी न किसी प्रकार की मिलावट पाई गई है, जो स्वास्थ्य के लिए घातक है।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से अपील की कि सरकार को निर्देश जारी किए जाएं ताकि दूध और इससे बने उत्पादों की नियमित जांच हो सके। साथ ही, आम जनता को जागरूक किया जाए कि वे मिलावटी उत्पादों की पहचान कैसे कर सकते हैं। याचिका में दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई है, क्योंकि मिलावटी उत्पादों में डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा और अन्य हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

## 16.90 लाख की धोखाधड़ी, ठेकेदार पर केस दर्ज

**चंडीगढ़ दिनभर**

**चंडीगढ़ :** सेक्टर 26 पुलिस ने विनोद कुमार, निवासी सेक्टर 26, चंडीगढ़ की शिकायत पर जम्मू-कश्मीर के ठेकेदार फारूक अहमद साहिद के खिलाफ 16.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस स्टेशन सेक्टर 26 में धारा 406, 420, और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने बताया कि फारूक अहमद श्रीनगर के गुलाबपुरा महाराजपुरा, बटालू का निवासी है और आर्मी में प्याज सप्लाई के लिए अक्सर उनसे प्याज खरीदता था। कई बार प्याज की खरीदारी के बाद, फारूक ने विनोद को प्याज के भुगतान के लिए बिल्स दिए, लेकिन उसने अब तक 16,90,000 रुपये का भुगतान नहीं किया है।




शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई बार पैसे की मांग करने के बावजूद, फारूक ने फोन उठाना बंद कर दिया और भुगतान से बचता रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला से ठगी : रायपुररानी में बाइक सवार ने लूटा सोना और नकदी

**रायपुररानी :** रायपुररानी थाना क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर में एक महिला के साथ ठगी और लूट की होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बाडगोदाम निवासी जयश्री पल्ली ने पुलिस को बताया कि 16 अक्तूबर को जब वह शारदा माता मंदिर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं, तभी अचानक एक अज्ञात व्यक्ति बाइक पर उनके पास आया। बाइक पर पहले से ही एक पुरुष और एक महिला सवार थे। बाइक सवार ने जयश्री को बताया कि वह सवारियों को त्रिलोकपुर ले जाता है। बस की प्रतीक्षा में परेशान जयश्री उसकी बातों में आ गई और बाइक पर बैठ गई। इस दौरान रास्ते में अन्य सवारियों के उतरने के बाद, बाइक सवार ने महिला को बेहोश करने के लिए कुछ सुंघा दिया। जब जयश्री को होश आया, तो उन्होंने देखा कि वे झाड़ियों में पड़ी हैं और उनके कीमती सामान गायब हैं। लुटेरे ने उनके कानों की सोने की बालियां, नाक की नथ, मोबाइल फोन और पाँच हजार रुपये का पर्स चुरा लिया। जिसके बाद महिला ने तुरंत रायपुररानी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और अपना चोरी हुआ सामान वापस दिलाने की अपील की है। वही थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है ओर जांच जारी है।

